इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 45 अंक - 271 राजनांदगांव, बुधवार 19 अगस्त 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

2014 से ली गई सभी परीक्षाएं रद्द: झारखंड में परीक्षा रद्द होने पर राहुल गांधी ने की हेमंत सोरेन की तारीफ

0 अनियमितताओं की जांच होगी

0 परीक्षा प्रणाली में सुधार होगा

रांची। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने आंदोलनकारी छात्रों की मांगों को मानते हुए सोमवार रात JSSC-CGL समेत TDPL द्वारा आयोजित की गई सभी परीक्षाओं को रद्द करने का फैसला किया। जिसके बाद भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों ने भी अपना अनशन खत्म कर दिया। उधर इस घटनाक्रम को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बेहद खुशी जताई है। छात्रों के साथ बातचीत के जरिए समाधान निकालने के लिए उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन और उनकी सरकार की जमकर तारीफ की। इस दौरान उन्होंने खुद को देश के हर छात्र के साथ खड़ा बताते हुए कहा कि छात्र सवाल पूछें, तो जवाब मिलना चाहिए।

हम देश के हर छात्र के साथ खड़े हैं- सोरेन

आगे उन्होंने कहा, छात्र सवाल पूछें, तो जवाब मिलना चाहिए। हम देश के हर छात्र के साथ खड़े हैं। और हम इस वसूली तंत्र को जड़ से बदलकर रहेंगे, ताकि हर छात्र को उसकी मेहनत का पूरा फल और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हक मिले। पूरे देश में ये सिस्टम बदलेगा और अब ऐसी व्यवस्था

बनेगी जो छात्रों को आगे बढ़ाए, उन्हें पीछे न खींचे।

आउटसोर्स एजेंसी द्वारा ली गई सभी परीक्षा रद्द

कांग्रेस झारखंड में जेएमएम के नेतृत्व वाली सत्ताधारी सरकार का हिस्सा है। झारखंड भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ विरोध कर रहे छात्र मंगलवार को अपना प्रदर्शन वापस लेने पर फैसला ले सकते हैं। राज्य सरकार ने 2014 से आउटसोर्स एजेंसी द्वारा आयोजित जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा सहित सभी भर्ती परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। ये घोषणा सोमवार को राज्य सचिवालय में सोरेन की अध्यक्षता में हुई लंबी कैबिनेट बैठक के बाद की गई। उन्होंने ये भी कहा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

राहुल गांधी ने किरेन रिजिजू के दावे पर किया पलटवार: बोले- बच्चों पर लाठी चलाओ, फिर बोल दो कि कुछ हुआ ही नहीं

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने दिल्ली पुलिस की तारीफ करते हुए दावा किया था कि किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा; किसी की भी हड्डी नहीं टूटी। गंभीर चोट के कारण कोई भी प्रदर्शनकारी अस्पताल में भर्ती नहीं है। इस पर राहुल गांधी ने सरकार पर छात्रों के साथ कथित बर्बरता को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि देश के बच्चों से झूठ नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि उनके पास आंखें भी हैं और याददाश्त भी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मोदी सरकार के मंत्री कह रहे हैं कि दिल्ली पुलिस की तारीफ करनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि संसद से महज आधा किलोमीटर दूर शांतिपूर्ण छात्रों पर पैलेट गन और कील लगी लाठियां चलाने, एक बच्चे की आंख जाने और एक बच्ची का कान कटने की घटना की तारीफ कैसे की जा सकती है। राहुल गांधी ने दावा किया कि वह खुद उन घायल छात्रों से मिले हैं और देश ने इस घटना से जुड़े हजारों वीडियो देखे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

एसआईटी जांच में चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट, टीम ने शासन को सौंपी रिपोर्ट

अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा मामले की जांच को लेकर सामने आई एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट ने मामले में नया मोड़ ला दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। इसके बाद रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेजा गया है। उपलब्ध रिपोर्टों के मुताबिक, फाइनल रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा का नाम नहीं है।

आठ आरोपियों के नाम रिपोर्ट में

एसआईटी की रिपोर्ट में आठ लोगों के नाम शामिल किए गए हैं। इन सभी के खिलाफ मामले में पहले ही कार्रवाई हो चुकी है। जून में दर्ज एफआईआर में अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला, मनीष यादव, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव, करुणेश पांडेय और राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू को नामजद किया गया था। प्रारंभिक जांच के आधार पर इन आठ लोगों की गिरफ्तारी भी हुई थी।

चंपत राय और अनिल मिश्रा पर क्यों उठे थे सवाल?

चढ़ावे की रकम और मंदिर में चढ़ाई जाने वाली सामग्री से जुड़ी कथित गड़बड़ी सामने आने के बाद ट्रस्ट से जुड़े कई पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठे थे। जांच के दौरान चंपत राय और अनिल मिश्रा से भी पूछताछ की गई थी। दोनों ने बाद में ट्रस्ट में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। अब यूपी सरकार की एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट में दोनों के नाम नहीं होने से उन्हें राहत मिली है। हालांकि, जांच से जुड़े आरोपों और पूर्व में सामने आई प्रारंभिक रिपोर्टों के कारण पूरे मामले की तस्वीर को दूसरी जांच के नतीजे से जोड़कर ही देखा जाएगा।

अभी खत्म नहीं हुई पूरी जांच

इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एक जांच पूरी होने के बावजूद पूरी जांच प्रक्रिया खत्म नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित दूसरी जांच टीम की पड़ताल अभी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

भाजपा संगठन में बड़ा फेरबदल, विनोद तावड़े यूपी के प्रभारी नियुक्त; सतीश पूनिया को पंजाब और तरुण चुग को गुजरात की जिम्मेदारी

नई दिल्ली। बीजेपी ने पार्टी संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात के चुनावों के लिए नए प्रभारियों की नियुक्ति की है। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन की अगुवाई में घोषित नई राष्ट्रीय टीम में कई नए चेहरों को जगह दी गई है, जबकि चुनावी राज्यों की जिम्मेदारी अनुभवी नेताओं को सौंपी गई है।

पार्टी ने राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया है। उनके साथ जगदीश ईश्वरभाई पटेल को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर प्रदेश बीजेपी के लिए बेहद महत्वपूर्ण राज्य है, ऐसे में चुनाव की कमान तावड़े को सौंपे जाने को अहम माना जा रहा है। पंजाब विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद सतीश पुनिया को दी गई है। पंजाब में बीजेपी के सामने संगठन को मजबूत करने और अपने चुनावी आधार का विस्तार करने की चुनौती है। वहीं, राज्यसभा सांसद तरुण चुग को गुजरात विधानसभा चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया गया है। चुग पहले भी पार्टी संगठन में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। बीजेपी की नई राष्ट्रीय टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। वहीं, पूर्व आरएसएस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

'होर्मुज अब अमेरिका का नया इलाका!' ट्रंप ने शेयर किया नक्शा, ईरान में मचा हड़कंप

नई दिल्ली। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ने वाला रणनीतिक जलमार्ग 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते टकराव का सबसे संवेदनशील केंद्र बन गया है। वैश्विक तेल आपूर्ति का करीब पांचवां हिस्सा इस समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है, ऐसे में होर्मुज पर नियंत्रण को लेकर बढ़ता तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा और समुद्री आपूर्ति व्यवस्था के लिए चिंता बढ़ा रहा है।

एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नौसैनिक नाकेबंदी के जरिए होर्मुज पर नियंत्रण का दावा किया है और इसे अमेरिकी क्षेत्र बनाने की बात कही है। दूसरी ओर, ईरान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका की ओर से अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी किए जाने तक वह इस रणनीतिक जलमार्ग को दोबारा खोलने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोसल पर एक विवादित नक्शा शेयर किया, जिसमें स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को "NEW US Territory" के तौर पर दिखाया गया है। यह पोस्ट उनके उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के साथ संघर्ष में जीत के बाद वह होर्मुज को अमेरिकी क्षेत्र घोषित करने पर विचार करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने दोहराया कि ईरान की प्रभावी नाकेबंदी के जरिए वाशिंगटन का इस रणनीतिक जलमार्ग पर पहले से ही पूरा नियंत्रण है और इसे अमेरिकी क्षेत्र बनाना एक बेहतरीन विचार है। ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि उसका होर्मुज जलमार्ग को दोबारा खोलने का फिलहाल कोई इरादा नहीं है। ईरान के शीर्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

नीट प्रदर्शनों में पुलिसिया ज्यादती की होगी उच्च स्तरीय जांच; सुप्रीम कोर्ट गठित करेगा 3 सदस्यीय हाई पावर्ड कमेटी

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक विवाद और प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों में हुए छात्र आंदोलनों पर पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है।

अदालत में छात्रों की ओर से पुलिस द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग, पैलेट गन और लाठीचार्ज के आरोप लगाए गए थे, जबकि सरकार और पुलिस की ओर से कानून-व्यवस्था की स्थिति और सुरक्षाकर्मियों के घायल होने की बात रखी गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने पूरे मामले की स्वतंत्र और तटस्थ जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाने का निर्णय लिया है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय विशेष पीठ ने बताया कि इस प्रस्तावित कमेटी में न्यायपालिका और पुलिस प्रशासन के प्रतिष्ठित पूर्व अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। पीठ ने कहा कि समिति में सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश, हाईकोर्ट के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश और पुलिस महानिदेशक रैंक से सेवानिवृत्त एक वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसके लिए उन अधिकारियों की सहमति ली जा रही है जिनका संबंधित राज्यों या विवाद से कोई सीधा संबंध न रहा हो, ताकि जांच पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे।

लाठीचार्ज, यौन उत्पीड़न और हिंसा के हर पहलू की होगी पड़ताल

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह कमेटी प्रदर्शनों के दौरान उपजे सभी विवादों की विस्तृत पड़ताल करेगी। इसमें शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिसिया बल प्रयोग, महिला प्रदर्शनकारियों द्वारा लगाए गए छेड़छाड़ व दुर्व्यवहार के आरोप, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

JPSC मेधा घोटाला : मास्टरमाइंड अभय तिवारी की पत्नी और भाई को सीआईडी ने किया गिरफ्तार

रांची। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षाओं में अनियमितता की जांच के क्रम में सीआईडी ने झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षाओं में अनियमितता का मामला भी उजागर किया है।

जांच के क्रम में ही परीक्षा संचालित कराने वाली एजेंसी मेसर्स टीएसआर डेटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड (टीडीपीएल) के मार्केटिंग मैनेजर अभय कुमार तिवारी उर्फ मनोज कुमार तिवारी का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। अपनी पहुंच व सेटिंग की बदौलत उसने न सिर्फ दर्जनभर से अधिक परीक्षाओं में बेहतर रैंक हासिल किया, बल्कि उसने अपने रिश्तेदारों व बड़ी संख्या में बाहरी अभ्यर्थियों को भी रिश्वत की बदौलत परीक्षाओं को पास कराया। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर सीआईडी ने मंगलवार को अभय तिवारी के भाई अक्षय तिवारी व अभय तिवारी की पत्नी सुष्मिता तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। अक्षय तिवारी जेएसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वर्तमान में झारखंड सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत था। उसने 14वीं जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा भी पास कर ली थी। वहीं, अभय तिवारी की पत्नी सुष्मिता तिवारी ने भी जेएसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण की थी और वर्तमान में वित्त विभाग में नौकरी में थी। जांच में मिले सबूत के आधार पर सीआईडी ने दोनों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की दोपहर सीआईडी की टीम उनके घर पहुंची और पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर सीआईडी मुख्यालय पहुंची। यहां से दोनों न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे और उसके बाद दोनों कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिए जाएंगे। अभय तिवारी ने सीआईडी को पूछताछ में जेपीएससी व जेएसएससी मेधा घोटाले के बड़े सिंडिकेट को उजागर किया था। उसने बताया था कि सभी परीक्षाओं में रुपयों के बल पर सेटिंग होती थी। पेपर लीक होता था, कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं में भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पाक सुप्रीम कोर्ट बोला- इमरान को 2 दिन में अस्पताल भेजें: बहनों से मिलना उनका अधिकार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अस्पताल भेजने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि इमरान को 48 घंटे में शिफा इंटरनेशनल अस्पताल ट्रांसफर किया जाए। उनकी सेहत की जांच और इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड भी बनाया जाएगा।

2023 से जेल में हैं पूर्व पीएम

कोर्ट ने इमरान की बहनों से मुलाकात को लेकर भी सवाल उठाया। जस्टिस शाहिद वहीद ने कहा कि बहनों से मुलाकात कराना कोई एहसान नहीं, बल्कि उनका मौलिक अधिकार है। अदालत ने पिछले तीन साल में इमरान और उनकी बहनों के बीच हुई सभी मुलाकातों की जानकारी मांगी। इमरान के बेटों से उनकी बातचीत और कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जानकारी भी देने को कहा गया है। इमरान खान 3 साल से जेल में हैं। उन्हें अगस्त 2023 में भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अडियाला जेल प्रशासन से इमरान की पूरी मेडिकल रिपोर्ट मांगी। जस्टिस शाहिद वहीद ने इस पर नाराजगी जताई कि कोर्ट के सामने पूरी रिपोर्ट पेश करने के बजाय सिर्फ समरी दी गई है। तीन जजों की बेंच इमरान के इलाज और परिवार से मुलाकात से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। बेंच की अध्यक्षता जस्टिस शाहिद वहीद ने की।

मैंने वही वंदे मातरम गाया जो गांधी-नेहरू गाते थे, अगर ये गुनाह है तो पहले गांधी-नेहरू-पटेल और अटल पर केस करो- खरगे?

पणजी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को वंदे मातरम को लेकर उठे विवाद पर अपनी बात रखी। खरगे ने कहा कि उन्होंने वही वंदे मातरम गाया है, जिसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी गाते थे।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, मैंने वही वंदे मातरम गाया, जो महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने गाया था। अगर इसे गाना अपराध है, तो वे (आरोप लगाने वाले) पिछले 18 साल से यह अपराध करते आ रहे हैं। अगर यह अपराध है, तो गांधी जी के खिलाफ मामला दर्ज करें। अगर यह अपराध है, तो नेहरू जी के खिलाफ मामला दर्ज करें। अगर यह अपराध है, तो वल्लभभाई पटेल के खिलाफ मामला दर्ज करें। उन्होंने आगे कहा, उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि उनके जन्म लेने से भी पहले कांग्रेस ने एक प्रस्ताव पारित करके यह तय किया था कि देश के लिए कौन सा राष्ट्रीय गीत अपनाया जाए। ऐसा नहीं है कि आप जो भी कहेंगे, वही देश का मानक बन जाएगा। कल कोई दूसरी सरकार सत्ता में आ सकती है। अगर वह कुछ कहेगी, तो क्या वह नियम बन जाएगा? हमने सिर्फ उस परंपरा को जारी रखा है, जो 90 साल से चली आ रही है। स्वतंत्रता दिवस पर हुए वंदे मातरम को लेकर विवाद के बाद सोमवार को गोवा में कांग्रेस के एक कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में वंदे मातरम के केवल दो छंद गाए गए थे। इसके साथ ही दक्षिण गोवा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खरगे ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसा और आजादी की लड़ाई में भाजपा-आरएसएस के योगदान पर सवाल उठाए। उन्होंने गोवा की सत्तारूढ़ पार्टी पर सरकार बनाने के लिए विधायकों को अगवा करने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सोमवार को गोवा प्रदेश कांग्रेस समिति के नेताओं के साथ बैठक भी की। इसमें 2027 में होने वाले गोवा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति और अभियान पर चर्चा की गई। खरगे ने कहा कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

छत्तीसगढ़ में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी: कई सचिवों के बदले गए प्रभार, कलेक्टर्स और सीईओ के भी तबादले

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए 23 आईएएस अफसरों के प्रभार में बदलाव किया है। आदेश के अनुसार मंत्रालय के वरिष्ठ अफसरों से लेकर जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और विभिन्न विभागों के संचालक स्तर के अधिकारी प्रभावित हुए हैं। प्रशासनिक फेरबदल में कांकेर, मुंगेली, सक्ती, कबीरधाम, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जैसे जिलों में नए कलेक्टरों की पदस्थापना की गई है।

सोनमणि बोरा को नगरीय प्रशासन की कमान

1999 बैच के आईएएस अफसर सोनमणि बोरा को प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव आर. संगीता को सचिव, मंत्रालय के पद पर पदस्थ किया गया है। 2006 बैच के भुवनेश यादव को वर्तमान दायित्वों के साथ आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 2011 बैच के रिमिजियुस एक्का को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बनाया गया है। उन्हें मिशन संचालक, जल जीवन मिशन का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था से सीधे जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। ऐसे में इस पद पर नई जिम्मेदारी को प्रशासनिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

जिलों में बदले कलेक्टर

राज्य सरकार के आदेश का सबसे बड़ा असर जिलों की प्रशासनिक व्यवस्था पर दिखाई देगा। राज्य सरकार के आदेश में कई महत्वपूर्ण जिलों में कलेक्टरों को बदला गया है। रणबीर शर्मा को कलेक्टर गरियाबंद, कुंदन कुमार को कलेक्टर, कांकेर, अमृत विकास तोपनो को कलेक्टर, मुंगेली, जयश्री जैन को कलेक्टर सक्ती, तुलिका प्रजापति को कलेक्टर, कबीरधाम, तनुजा सलाम को कलेक्टर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी भेजा गया है। वहीं नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जो कलेक्टर कांकेर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, उन्हें संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास बनाया गया है।

गरियाबंद और कबीरधाम के कलेक्टरों को मंत्रालय भेजा

भगवान सिंह उइके, जो कलेक्टर गरियाबंद थे, अब संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसी तरह गोपाल वर्मा, जो कलेक्टर कबीरधाम के पद पर थे, उन्हें संयुक्त सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बनाया गया है।

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग में फेरबदल

भोसकर विलास संदिपान को अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वर्तमान दायित्व के साथ प्रबंध संचालक, नागरिक आपूर्ति निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद इफ्फ्त आरा नागरिक आपूर्ति निगम के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी। वहीं, जगदीश सोनकर को विशेष सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बनाया गया है।

अन्य विभागों में भी नई जिम्मेदारियां

हिना अनिमेष नेताम को वर्तमान दायित्वों के साथ अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गजेन्द्र सिंह ठाकुर को संचालक, समाज कल्याण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रोमा श्रीवास्तव को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सरगुजा बनाया गया है। आकांक्षा शिक्षा खलखो को उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग के साथ संचालक, खेल एवं युवा कल्याण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

दुर्ग नगर निगम और पर्यटन में बदलाव

लीना कोसम को आयुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सौमिल रंजन चौबे को प्रबंध संचालक, पर्यटन मंडल बनाया गया है। बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई को अपर कलेक्टर, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

एसआईआर: दिल्ली में कट सकते हैं 47 लाख मतदाताओं के नाम

नयी दिल्ली। दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद प्रकाशित होने वाली मसौदा सूची में 1.45 करोड़ मतदाताओं में से 47 लाख से अधिक (करीब 33 प्रतिशत) के नाम कट सकते हैं। बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा मुहैया कराए गए गणना प्रपत्र को भरकर वापस जमा करने की मियाद सोमवार को समाप्त हो गई। हालांकि, जिन मतदाताओं ने अपने प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, उन्हें 24 अगस्त को मसौदा सूची प्रकाशित होने के बाद भी दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर दिया जाएगा।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से जारी आंकड़ों के मुताबिक शहर के 1.45 करोड़ मतदाताओं में से 97.47 लाख (67.18 प्रतिशत) ने अपने गणना प्रपत्र जमा करा दिये हैं और इन प्रपत्रों को सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ ने डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित कर दिया है। आंकड़ों के मुताबिक अल्पसंख्यक-बहुल कई निर्वाचन क्षेत्रों में जमा किए गए और सफलतापूर्वक डिजिटलीकृत किए गए प्रपत्रों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक रही। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी निर्वाचन क्षेत्र में 1,50,398 (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पहला कॉलम...

साक्षरता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में नालसा जागृति योजना के अंतर्गत 'सशक्त युवा, सशक्त भारत' विषय पर संवैधानिक साक्षरता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार युवाओं को विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं विधिक सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, न्याय तक पहुंच और संवैधानिक नैतिकता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की भूमिका तथा अधिकारों और कर्तव्यों के मध्य संतुलन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। व्याख्यान के दौरान प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने डिजिटल नागरिकता और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को फेक न्यूज से बचने, दूसरों की गोपनीयता व गरिमा का सम्मान करने तथा एआई-आधारित डीपफेक, साइबर प्रतिरूपण व ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सशक्त युवा वही है जो अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को समझे और कानून की जानकारी का उपयोग दैनिक जीवन में विवेकपूर्ण ढंग से करे। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ. अतुल सोनी, डॉ. अलका चावन, श्रीमती प्रेरणा तिवारी, श्रीमती सोनाक्षी सिरवानी एवं सुश्री सुरभि अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विधि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शांति भंग करने वाला निगरानी बदमाश पकड़ाया

राजनांदगांव (दावा) लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में शांति भंग करने वाले निगरानी बदमाश को धर दबोचा है और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। इस तारतम्य मे मंगलवार 18 अगस्त को सुनील मरकाम उर्फ टीरूँ पिता भारत मरकाम उम्र 28 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री ब्लॉक नंबर 12 एवं उसके परिवार के द्वारा बीते दिनों 7 अगस्त को प्रार्थीया गायत्री विश्वकर्मा एवं उसके परिवार के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर लालबाग थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मंगलवार 18 अगस्त को उक्त बदमाश द्वारा फिर उसके साथ वाद विवाद कर शांती भंग करने एवं पुनः संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु उसे धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया तथा पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

'डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा...'

नर्मदेश्वर शिव मंदिर में रिमझिम फुहारों के बीच भजनों पर झूमे श्रद्धालु, श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में आयोजित हुई भव्य भजन संध्या

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर स्थानीय न्यू खंडेलवाल कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। रिमझिम बारिश के बीच देर रात तक चले इस भक्तिमय कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने शिव भजनों पर जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश और बाबा भोलेनाथ के विधिवत पूजन-अर्चन व सामूहिक महाआरती के साथ हुई। इसके उपरांत नगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक योगेश अग्रवाल के नेतृत्व में साथी कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा... जैसे कर्णप्रिय भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

भजन संध्या में योगेश अग्रवाल के साथ रूपेश टांक, दिलीप गुप्ता, जयराज चौथवानी एवं पुरुषोत्तम जोबनपुत्रा (बापा) ने अपनी सुमधुर आवाज से समां बांधा। वहीं कॉलोनीवासी ध्रुवराज बोरकर ने बांसुरी पर अरपा पैरी के धार... की मधुर धुन बजाकर खूब वाहवाही बटोरी। संगीत पक्ष को संवारने में पुखराज (ऑर्गन), गौतम (ढोलक), विक्की (पैड) और गुलाब (साउंड) का सराहनीय योगदान रहा। अंतिम भजन के रूप में माता रानी के भजन पर उपस्थित महिला-पुरुषों ने गरबा रास का आनंद लिया। इस धार्मिक आयोजन में वार्ड पार्षद युधिष्ठिर-सरिता देवांगन सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे। जो श्रद्धालु बारिश के कारण पंडाल तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने अपने घरों की गैलरी और बरामदे से ही भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ।



डॉक्टरों के हाथों में थमी गरम-गरम चाय की प्याली, चाय बेचकर किया गया विरोध प्रदर्शन

15 वें दिन भी जारी जूनियर डाक्टरों का हड़ताल, चरमराई अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। मेडिकल कॉलेज हास्पीटल पेंड्री में विगत लंबे समय से जारी जूनियर डाक्टरों की हड़ताल का सोमवार 17 अगस्त को चौदहवां दिन रहा। उक्त दिन तक अपनी मांगे पूरी न होते देख हाथों में स्थेटिस्कोप धारण करने वाले डाक्टरों ने गरम-गरम चाय की प्याली लेकर तथा उक्त चाय को मरीजों को पिलाकर विरोध जताया। बता दें कि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में लगभग 150 के करीब इंटर्न डाक्टर अपने स्टायफंड में बढ़ोतरी किए जाने की मांग को लेकर हड़ताल में चल रहे हैं। इससे अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है। जूनियर डाक्टरों की इस हड़ताल के 4-5 दिन बाद भी कोई सुनवाई नहीं होने से उन लोगों ने सीधे अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी।

इंटर्न डाक्टरों की इस दीर्घावधि वाले हड़ताल से मेडिकल कॉलेज हास्पीटल की चिकित्सा व्यवस्था पटरी से ही उखड़ गई। इलाज के अभाव में मरीज परेशान होने लगे। एक तो पहले से करीब 25 डाक्टर आगे की पढ़ाई और परीक्षा के नाम पर अवकाश पर चले गए हैं। वहीं दर्जन भर डाक्टर मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में उनसे बहुत ज्यादा काम लिए जाने व उन्हें बेवजह परेशान किए जाने से नाराज़ होकर काम छोड़कर चले गए हैं या फिर दूसरे निजी हास्पिटलो का रुख कर लिए हैं। इससे भी मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में डाक्टरों की कमी बनी हुई है। इधर इंटर्न डाक्टरों के लंबा खींच रहे हड़ताल से मरीजों की जांच व इलाज के साथ दूसरे काम प्रभावित हो रहे है वहीं इन डाक्टरों के काम में नहीं रहने से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। अस्पताल में परिजनों को अपने मरीजों का देखभाल करना पड़ रहा है उन्हे उनकी सेवा- सुश्रुवा करनी पड़ रही है।

हॉस्पिटल परिसर में खोली चाय की दुकान

प्रदेश सरकार द्वारा इन इंटर्न डाक्टरों की मांग पर ध्यान नहीं दिए जाने से इन जूनियर डाक्टरों ने अपनी डाक्टरी के 530 रुपए की रोजी पर नाराजगी जाहिर करते हुए सोमवार को मेडिकल कॉलेज हास्पीटल परिसर में एमबीबी एस चाय दुकान खोल कर विरोध जताया । इस दौरान डाक्टरों ने ओपीडी में कतार में खड़े मरीजों को चाय पिलाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया।

इंटर्न डाक्टरों का कहना है कि चाय बेचने वाले व्यक्ति का सम्मान बढ़ता है लेकिन वर्षो की पढ़ाई व नीट जैसी कठिन परीक्षा और मेडिकल प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भी डाक्टर बनने वाले इंटर्न को मात्र 530 रुपए प्रतिदिन मिलना चिंता का विषय है। डाक्टरों का कहना है कि उक्त राशि वर्तमान परिस्थितियों में बेहद कम है। इन जूनियर डाक्टरों ने चाय की प्याली हाथ में थामे प्रदर्शन करते हुए सरकार से मानदेय सहित अपनी मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। साथ ही कहा है कि उन ट्रेनी डाक्टरों को 15 हजार रुपए प्रतिमाह स्टायफंड दिया जाता है उसे 30 हजार रुपए किए जाए। आइएम ए-एम एस एन छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक शाहदिल खुसरो ने कहा कि प्रदेश के इंटर्न डाक्टर सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। डाक्टरों का विश्वास और उम्मीद है कि सरकार द्वारा संवेदनशीलता के साथ उनकी जायज मांगों का समाधान किया जाएगा। इंटर्न डाक्टरों का कहना है कि वे सेवाओं में लौटना चाहते हैं लेकिन इसके लिए सरकार द्वारा सकारात्मक कदम उठाया जाना जरूरी है।

स्वतंत्रता दिवस पर मार्कफेड कर्मचारियों को बड़ी सौगात: चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को मिला समयमान वेतनमान का लाभ

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व गरिमामय माहौल में मनाया गया। प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी ने ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों सहित मार्कफेड परिवार को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को समयमान वेतनमान की सौगात देकर वर्षों पुरानी मांग पूरी की। ध्वजारोहण उपरांत अपने संबोधन में श्री द्विवेदी ने मां भारती के वीर सपूतों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह पर्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदारी निभाने तथा कर्मचारियों से पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ दायित्वों के निर्वहन का आह्वान किया। मार्कफेड में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को विगत 10 वर्षों से समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिल पाया था। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इस लंबित मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए समयमान वेतनमान प्रदाय करने के निर्देश जारी किए गए। इस ऐतिहासिक निर्णय से कर्मचारियों में भारी उत्साह और हर्ष की लहर दौड़ गई है।

कर्मचारियों ने इस संवेदनशील पहल के लिए प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी का आभार जताते हुए कहा कि इससे कार्य के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ है। श्री द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी कल्याण और उनके वाजिब हितों की रक्षा नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। क्योंकि संस्था के विकास में प्रत्येक कर्मचारी का योगदान महत्वपूर्ण है।

विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोच आवश्यक : मुनि समयप्रभ सागर

राजनांदगांव (दावा)। ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में आयोजित नियमित धर्मसभा में खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. के सुशिष्य मुनि श्री समयप्रभ सागर जी एवं मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने प्रवचन में कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी व्यक्ति को अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए। नकारात्मक विचार व्यक्ति को जल्दी घेरते हैं, लेकिन सकारात्मक दृष्टिकोण ही मोक्ष और आध्यात्मिक लक्ष्य तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि अंतर्मन में वैराग्य की भावना जागृत होने पर कर्मों की निर्जरा संभव है और सच्चे मन से की गई अनुमोदना ही व्यक्ति को आत्मिक अनुभूति की ओर ले जाती है। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर ने कहा कि जो हमारे जीवन में वास्तव में आवश्यक है, उसे कभी नहीं छोड़ना चाहिए—यही सच्चा प्रेम है। सच्चा प्रेम परिस्थितियों और समय के अनुसार नहीं बदलता। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जिन्होंने जन्म, संस्कार और अनुभव दिया है, उन्हें जीवन में कभी नहीं भूलना चाहिए। भौतिकता की दौड़ में परमात्मा को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि घर निर्माण के समय भी सबसे पहले पूजा कक्ष या मंदिर का विचार होना चाहिए। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

घुमका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आज, विधायक हर्षिता बघेल रहेंगी उपस्थित

घुमका (दावा)। घुमका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक बुधवार 19 अगस्त को दोपहर 3 बजे स्थानीय सतनाम भवन, नगर पंचायत घुमका में आयोजित की जाएगी। बैठक डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, ब्लॉक प्रभारी पंकज बांधव एवं नगर पंचायत घुमका अध्यक्ष श्रीमती फूलमती जयकुमार के मुख्य आतिथ्य व मार्गदर्शन में संपन्न होगी।

बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत जनसमस्याओं और संगठनात्मक विषयों पर गहन मंथन किया जाएगा। क्षेत्र में रासायनिक खाद की कमी एवं डीएपी खाद की किल्लत के संबंध में समीक्षा व रणनीति। अघोषित बिजली कटौती तथा स्मार्ट मीटर के कारण अत्यधिक बिजली बिल आने से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों पर चर्चा। महिलाओं, युवाओं और नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ने हेतु कार्ययोजना। ब्लॉक, मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की स्थानीय समस्याओं और सुझावों पर 'वन टू वन' सीधा संवाद। प्रभारी अध्यक्ष (ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका) ने ब्लॉक क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नेताओं, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, मंडल, सेक्टर व बूथ स्तर के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

एमओ-आयुष पदों पर भर्ती के लिए आयोजित दस्तावेज सत्यापन एवं लिखित परीक्षा स्थगित

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत एमओ-आयुष के कुल 9 रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए शनिवार 22 अगस्त को श्री गुरूनानक हॉयर सेकेण्डरी स्कूल राजनांदगांव में दस्तावेज सत्यापन एवं लिखित परीक्षा के आयोजन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। दस्तावेज सत्यापन एवं लिखित परीक्षा की नवीन तिथि की सूचना राजनांदगांव जिले की वेबसाईट पर पृथक से जारी की जाएगी।

वैष्णव समाज महिला मंडल ने उत्साह के साथ मनाया सावन उत्सव, विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर

राजनांदगांव (दावा)। श्री वैष्णव महासभा महिला मंडल जिला इकाई के तत्वावधान में वैष्णव भवन (राजवंश स्थल) में सावन उत्सव हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पुष्प-तिलक स्वागत एवं भगवान विष्णु की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए महिला मंडल की जिलाध्यक्ष श्रीमती संगीता महेंद्र वैष्णव ने कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजन महिलाओं को परस्पर जोड़ने के साथ ही सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने महिलाओं से समाज के समग्र विकास और उत्थान के लिए निरंतर आगे आने का आह्वान किया। उत्सव के दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में रेणु लक्ष्मीकांत वैष्णव ने प्रथम एवं विनीता प्रशांत वैष्णव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सावन के पारंपरिक गीतों और संगीत के बीच महिलाओं ने उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में संरक्षक शारदा दास, उपाध्यक्ष सीमा वैष्णव, सुशीला वैष्णव, कोषाध्यक्ष रमा वैष्णव, संध्या दास, ममता वैष्णव, सीमा सुरेंद्र वैष्णव, सरिता वैष्णव, सुनीता, रोशनी, नेहा, नीतू, सोनाली, सोनल, विजय लक्ष्मी, कीर्ति, मनीषा, सरोज, नंदनी, प्रभा, शैल, कविता, अनामिका, विद्या, बीना, रमा देवी, रश्मि, ओजस्वी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती श्रद्धा वैष्णव ने किया एवं आभार प्रदर्शन सचिव श्रीमती ममता वैष्णव द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त ने बस स्टैंड व फ्लाईओवर के नीचे सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने सुबह नया बस स्टैंड क्षेत्र एवं फ्लाईओवर के नीचे साफ-सफाई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी और अतिक्रमण देख उन्होंने मौके पर ही सफाई कराने और अतिक्रमण हटाने के कड़े निर्देश दिए।

आयुक्त श्री मरकाम ने अपनी मौजूदगी में फ्लाईओवर के नीचे फैली झिल्ली-पन्नी और कचरे का उठाव करवाया। उन्होंने सफाई अमले को निर्देशित किया कि फ्लाईओवर के नीचे व सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही फ्लाईओवर के नीचे अनाधिकृत रूप से रह रहे लोगों को जगह खाली करने की समझाइश दी। उन्होंने अतिक्रमण दस्ता को स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्विस रोड अथवा फ्लाईओवर के नीचे आवागमन बाधित करने वाले अतिक्रमणकारियों को हटाएं और निर्देश न मानने पर जब्ती की कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टोरेट के समीप रखे जर्जर ठेलों को निगम अमले द्वारा हटाने की कार्रवाई भी की गई।

आयुक्त ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित करते हुए कहा कि जी.ई. रोड शहर का मुख्य मार्ग है। जिससे शहर की छवि बनती है। इसलिए इस मार्ग पर निरंतर सफाई, नालियों की नियमित निकासी तथा डिवाइडर व किनारों को व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने सड़क किनारे ठेला-खोमचा लगाने वालों व दुकानदारों को डस्टबिन का उपयोग करने और गंदगी न फैलाने की सख्त हिदायत देने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

नीरज पब्लिक स्कूल पेण्ड्री में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना : देशभक्ति, संस्कृति और खेल कौशल का दिखा अनूठा संगम

राजनांदगांव (दावा)। शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज पब्लिक स्कूल (एनपीएस), पेण्ड्री में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुमुख दास वाधवा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर शाला के मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश उभरानी, डायरेक्टर श्री अर्काटकर एवं प्राचार्या सुश्री भारती गौते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मुख्य अतिथि के स्वागत में पौधारोपण कर की गई। तत्पश्चात राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' व राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन हुआ। एमडी कमलेश उभरानी ने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

जिसमें नृत्य प्रस्तुतियां में कक्षा 6वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने 'अशोक चक्र की जुबानी' पर भावपूर्ण समूह नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 3री व 4थी के बच्चों ने 'जननी तुझे प्रणाम' तथा 11वीं के विद्यार्थियों ने 'भारत अनोखा राग है' पर शास्त्रीय नृत्य के जरिए अनेकता में एकता का संदेश दिया। नन्हे (केजी) बच्चों के नृत्य को भी खूब सराहा गया। गायन व कविता में विद्यार्थियों द्वारा 'स्वर्ग से सुंदर देश हमारा', 'सारे जहां से अच्छा' और 'देशभक्ति मैशअप' समूह गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। छात्र धवल चौरसिया व लक्षिता अवचट ने कविता पाठ किया, जबकि सिद्धि चोपड़ा ने प्रेरणादायी भाषण दिया। तीरंदाजी प्रदर्शन में कक्षा 9वीं की राष्ट्रीय खिलाड़ी सुश्री अर्पिता वर्मा द्वारा प्रस्तुत तीरंदाजी कौशल कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

शुभांक

बी. के.
4-6-8
255-2 578-0
राजधानी
1-4-8
278-7 346-3

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय तहसीलदार कुमरदा, जिला-राजनांदगांव

ईश्तहार

ब-121 / वर्ष 2025-2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टोमनलाल पिता सेवाराम जाति हल्बा निवासी ग्राम अरजकुण्ड, तहसील कुमरदा, जिला राजनांदगांव द्वारा अपने स्वयं टोमनलाल पिता सेवाराम का जन्म दिनांक 24/03/1989 को स्थान अरजकुण्ड में होने से तथा भूलवश ग्राम पंचायत में दर्ज नहीं करा पाने के कारण जन्म तिथि दर्ज किये जाने का आदेश प्रदाय किये जाने हेतु (जन्म-मृत्यु) जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय राजनांदगांव का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत अरजकुण्ड का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंचनामा, अंक सूची आधार कार्ड मय आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/08/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 10/08/2026
पेशी दिनांक 21/08/2026

तहसीलदार
कुमरदा, जिला- राजनांदगांव

न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव के पत्र क्र./1691/अ.वि.अ/ आर-2/2026, राजनांदगांव दिनांक 10/08/2026 द्वारा प्राप्त आवेदक श्री विनोद खाती आ. श्री लूनकरण खाती निवासी जनता कालोनी, लखोली, राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 284/166 रकबा 0.0020 हे. भूमि के राजस्व अभिलेख में आवासीय परिवर्तित दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 31/08/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 18/08/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 18/08/2026
पेशी दिनांक - 31/08/2026

तहसीलदार,
राजनांदगांव

100 फीट तिरंगे के साथ देशभक्ति का नारा हुआ गुंजायमान

युवा सेवा संघ ने स्वतंत्रता दिवस पर निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, किया गया 250 पौधों का रोपण

राजनांदगांव (दावा)। देश की 80 वां स्वतंत्रता दिवस पर युवा सेवा संघ एवं श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा संत शहर में भव्य देशभक्ति तिरंगा यात्रा निकाली गई। संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से शहर में निकाली गई 100 फीट लंबे इस भव्य तिरंगा यात्रा में युवाओं ने राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति के रंग में रंगे नारों का उद्घोष करते हुए पूरे शहर को गुंजायमान किया। इस दौरान सेवा समिति के युवाओं में राष्ट्र भक्ति का जोश एवं जज्बा देखते ही बनता था। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित उक्त तिरंगा यात्रा मोहारा स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नया बस स्टैंड समीप स्थित शिवाजी पार्क, पहुंचकर सम्पन्न हुआ। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा थामे सैकड़ों युवा देशभक्ति गीतों के साथ उत्साहपूर्वक आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण देश भक्ति मय बना रहा।

देश भक्तों की वेषभूषा में बच्चों ने किया विमोहित

तिरंगा यात्रा में बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने भारत माता, रानी दुर्गावती, भगत सिंह एवं चंद्रशेखर आजाद, देश की सुरक्षा करने वाले फौजी सहित महान देशभक्तों की वेशभूषा धारण कर लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियां यात्रा का विशेष आकर्षण रहीं। युवा सेवा संघ के प्रमुख संजय साहू एवं उपप्रमुख दिलीप सिन्हा ने बताया कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम, भारतीय संस्कृति एवं देशभक्ति की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से युवा सेवा संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में देशभक्ति यात्रा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत करना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है।

आजादी की खुशी में किया गया 250 पौधरोपण

शहर में धूमधाम से निकली तिरंगा यात्रा में पर्यावरण व धर्म अध्यात्म को लेकर पूज्य आशारामजी बापू का संदेश गूंजा। वहीं युवाओं द्वारा पर्यावरण जागरण के लिए विभिन्न स्थानों में 250 पौधे रोपे गए।? इस देशभक्ति यात्रा को सफल बनाने में समिति के रोहित चंद्राकर, टी.के. चंद्राकर, लेखराम साहू तथा युवा सेवा संघ के वीरेंद्र साहू, योगेश वासनिक, कौशल साहू, विकास चंद्राकर, भोजेश्वर साहू, प्रह्लाद विश्वकर्मा, डकेश, नोहर जंघेल, पुष्पेंद्र सिन्हा, गोपीचंद महोबिया, नम्मू साहू, राजेन्द्र वर्मा, भगवती वर्मा, तुलसी पाल, रामाधीन साहू, उमाशंकर कुंवर, कुशलाल देशमुख सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

बागेश्वर धाम में ऐतिहासिक 24 घंटे का प्रथम अखंड रुद्राभिषेक संपन्न वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निकली कावड़ यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के लिए सावन मास का तीसरा सोमवार और नागपंचमी का दिन ऐतिहासिक बन गया। नगर के 80 वर्ष पुराने प्राचीन सिद्धपीठ श्री बागेश्वर धाम मंदिर में प्रदेश व शहर का पहला ऐतिहासिक अखंड रुद्राभिषेक 24 घंटे से अधिक समय तक अनवरत पूर्ण भक्ति भाव से संपन्न हुआ। सावन की रिमझिम फुहारों के बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महारुद्राभिषेक में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री शैलम मल्लिकार्जुन (हैदराबाद) से पधारे पुजारियों द्वारा शिवनाथ नदी तट पर मां गंगा की आरती व पूजन के साथ हुई। पहली बार वैदिक मंत्रोच्चार और श्लोकों के सस्वर पाठ के साथ भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा में श्री मल्लिकार्जुन पूजन के शिवलिंग के साथ पुजारियों द्वारा नगर भ्रमण के दौरान निरंतर शिव मंत्रों का जाप किया गया, जिससे समूचा मार्ग शिवमय हो उठा।

सोमवार दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर मंगलवार दोपहर 2 बजे तक (लगभग 26 घंटे) चले इस अनुष्ठान को श्री शैलम के मुख्य पुजारी पं. नारायण शास्त्री एवं अन्य सात पुजारियों ने दक्षिण भारतीय विधि-विधान से संपन्न कराया। मंदिर से जुड़े 24 यजमानों ने क्रमबद्ध रूप से बैठकर रुद्राभिषेक किया। अनुष्ठान का समापन भस्म पूजन, विशेष श्रृंगार, श्री मल्लिकार्जुन पूजन और भव्य शिव महाआरती के साथ हुआ। अखंड रुद्राभिषेक की तैयारियों में मंदिर सेवक पंकज गुप्ता, नरसिम्हा रेड्डी, सौरभ गुप्ता, विजय गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, भावेश अग्रवाल, प्रज्ञा गुप्ता एवं यशोदा गुप्ता का विशेष योगदान रहा। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के संरक्षक सोहनलाल गुप्ता, कैलाशचंद गुप्ता, डॉ. डी.सी. जैन एवं गणेश गुप्ता ने इस ऐतिहासिक व भव्य आयोजन की सफलता के लिए समस्त संस्कारधानी वासियों व शिवभक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पहला कॉलम...

सुन्नी हनफी मस्जिद मुतवल्ली चुनाव : जावेद अंसारी ने समर्थकों के साथ दाखिल किया नामांकन

राजनांदगांव (दावा)। सुन्नी हनफी मस्जिद गोलबाजार के मुतवल्ली चुनाव-2026 की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत प्रत्याशी जनाब जावेद अंसारी ने अपने समर्थकों, जामाती भाईयों, बुजुर्गों एवं युवाओं की मौजूदगी में विधिवत नामांकन पत्र दाखिल किया। मुस्लिम समाज के राजिक सोलंकी ने बताया कि नामांकन के दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों एवं समर्थकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आपसी भाईचारे, एकता और सौहार्द के साथ चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने का संकल्प लिया।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद जावेद अंसारी ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मस्जिद व समाज की बेहतरी, पारदर्शिता और समग्र विकास के लिए सभी के सहयोग से कार्य किया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर सामाजिक हित और मस्जिद के विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। इस दौरान समर्थकों ने उनके प्रति अपना पूर्ण विश्वास और समर्थन व्यक्त किया।

नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना, विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय बल्देवबाग स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संचालक नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी द्वारा भारत माता व अमर शहीदों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात संचालक श्री बाजपेयी ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। समारोह में विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर सारगर्भित भाषण, कविता पाठ तथा देशभक्ति गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संबोधन में स्कूल संचालक ने कहा कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों का बलिदान अविस्मरणीय है। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी और नागरिक से देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्या ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर श्रीमती कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंग सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

गणेश पर्व व त्योहारों के मद्देनजर सड़कों पर करें पेचवर्क, स्ट्रीट लाइट और जल निकासी व्यवस्था रखें दुरुस्त : महापौर

महापौर मधुसूदन यादव ने ली नगर निगम के तकनीकी अधिकारियों की समीक्षा बैठक, निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम के तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने शहर में जारी विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बारिश के मौसम तथा आगामी त्योहारों व गणेशोत्सव को ध्यान में रखते हुए सड़कों के गड्ढों का तत्काल पेचवर्क करने, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त रखने और जल भराव वाले क्षेत्रों में सुचारू जल निकासी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम, निगम अध्यक्ष तोपेंद्र सिंह (पारस) वर्मा तथा लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समय-सीमा व गुणवत्ता के साथ पूरे हों निर्माण कार्य

महापौर ने विभिन्न योजनाओं एवं निधियों से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों में तेजी लाएं और उन्हें तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। स्टेशन रोड एवं बीएसएनएल कार्यालय के समीप बनने वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए बाधाएं हटाकर ले-आउट देने तथा कार्यादेश जारी कर काम शुरू कराने को कहा गया। इसके अलावा निगम कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार और अन्य व्यावसायिक परिसरों के बजट प्रावधानों के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।

महापौर ने कहा कि बारिश के दौरान बंद स्ट्रीट लाइटों की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए और विद्युत मरम्मत सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखा जाए। निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों के साथ-साथ पेयजल, विद्युत और सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शौचालयों में टूट-फूट व अन्य कमियों को दुरुस्त करने के लिए संचालकों को पाबंद किया जाए। बैठक में कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के. रामटेके, प्रभारी कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, प्रभारी सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, सुषमा साहू, उप अभियंता पिंकी खाती, अनूप पांडे, तिलक राज ध्रुव सहित लोककर्म विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

एसपी कार्यालय में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल का स्वास्थ्य शिविर

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय खैरागढ़ में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के विभिन्न थानों के स्टाफ सहित एसपी कार्यालय के 100 से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. नवीन जैन, गायत्री साहू एवं निखिलेश बोरकर की टीम ने पुलिसकर्मियों की जांच की। चिकित्सकों ने जवानों को व्यस्त दिनचर्या के बीच खुद को स्वस्थ रखने के उपाय बताए। इसके साथ ही हानिकारक पदार्थों के सेवन से बचने, तनाव प्रबंधन और मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस स्वास्थ्य शिविर में जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों, जवानों तथा एसपी कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से जवानों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और सेहत के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

मां पाताल भैरवी मंदिर समिति की अनूठी पहल : जिला अस्पताल के 12 अंतिम कर्मचारियों का शॉल, श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर शहर की विख्यात संस्था श्री मां पाताल भैरवी मंदिर सेवा समिति द्वारा शासकीय जिला चिकित्सालय में सेवारत मेटास कंपनी के 12 अंतिम कर्मचारियों (सफाई कर्मी व सुरक्षा गार्ड) का मोमेंटो, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर आत्मीय सम्मान किया गया। समिति द्वारा विगत 5 वर्षों से राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त और 26 जनवरी पर ऐसे अंतिम पंक्ति के कर्मचारियों को सम्मानित करने की परंपरा निभाई जा रही है, जो निस्वार्थ भाव से समाज सेवा में जुटे रहते हैं। जिला अस्पताल में कार्यरत ये स्वच्छता कर्मी भर्ती मरीजों की सेवा पारिवारिक सदस्य की भांति करते हैं। मरीज की व्यक्तिगत देखभाल, साफ-सफाई से लेकर उनके स्वस्थ होकर घर लौटने तक ये कर्मचारी निरंतर समर्पित रहते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश मारू, महामंडलेश्वर गोविंद दास महाराज एवं पत्रकार कमलेश सिमनकर की इस संयुक्त पहल के तहत इस वर्ष जिला अस्पताल का चयन किया गया।

परम पूज्य ब्रह्मर्षि बर्फानी दादाजी महाराज की स्मृति में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र प्रसाद, डॉ. यूआर चंद्रवंशी (मेडिसिन) एवं डॉ. अनिल महाकालकर (आर्थो) के करकमलों से कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में स्वच्छता दीदी, स्वच्छता भैया एवं सुरक्षा गार्ड संवर्ग से योगेंद्र रजक, दुलार सिंग, चंद्र विजय, आकाश मंडावी, तरुण साहू, टूमनलाल साहू, श्रीमती मोनिका निषाद, श्रीमती अमरीका बाई, श्रीमती अगहन खूंटे, श्रीमती रश्मि सोनी, श्रीमती सुधा मंडावी एवं सुश्री दुर्गा रजक सहित कुल 12 कर्मवीरों का सम्मान हुआ।

साहू समाज के 51 जोड़ों का 22 नवंबर को होगा सामूहिक विवाह

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ की प्रथम महत्वपूर्ण बैठक 16 अगस्त को आयोजित की गई। बैठक में समाज के युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने, संगठन को मजबूत करने तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान आगामी 22 नवंबर को प्रस्तावित 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों और रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सामाजिक आयोजनों में होने वाली अनावश्यक फिजूलखर्ची को कम करने, विवाह एवं पारिवारिक कार्यक्रमों को सरल और व्यवस्थित बनाने तथा समाज में आपसी एकता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की प्रगति में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। युवाओं को आगे आकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए तथा अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़कर समाजहित के कार्यों को गति देनी चाहिए। बैठक में सामाजिक गतिविधियों को योजनाबद्ध तरीके से संचालित करने तथा आगामी आयोजनों को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने मिल-जुलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में जिला साहू संघ अध्यक्ष नोबेल साहू सहित युवा प्रकोष्ठ के संयोजक मनीष साहू, सचिव खेमलाल साहू, सहसंयोजक तेजेंद्र साहू एवं विष्णु साहू, पूर्व मंत्री देवेन्द्र कुमार साहू, मनोज साहू, प्रेमलाल साहू, संजय साहू, कवलराम साहू, पुष्कर साहू, दिल्लू राम साहू, भारत साहू, राहुल साहू, रवि साहू, शीतल प्रसाद साहू, राजेंद्र कुमार साहू, राजू साहू, लीखन साहू, दीपक कुमार साहू एवं खिलवान साहू सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाज हित में लिए गए निर्णयों को आपसी समन्वय के साथ लागू करने और जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

जिले में रोपे जाएंगे 2000 पीपल के पौधे, बजरंगपुर-नवागांव में बनेगा 8-लेन सिन्थेटिक एथलेटिक ट्रैक : कलेक्टर

साप्ताहिक टीएल बैठक में कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने खेल अधोसंरचना, स्वास्थ्य, राजस्व और जनसमस्या निवारण की ली विस्तृत समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि बजरंगपुर-नवागांव में 400 मीटर लंबा 8-लेन सिन्थैटिक एथलेटिक ट्रैक शीघ्र ही बनेगा। जिससे जिले में खेल सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी और खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध होगी तथा खेल अधोसंरचना मजबूत बनेगी। राष्ट्रमंडल खेल में वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजनांदगांव शहर की खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव ने रजत पदक जीतकर देश एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। जिले में खेल की असीम संभावनाओं को देखते हुए वेट लिफ्टिंग के लिए सामग्री एवं अन्य खेल सामग्री क्रय करने के लिए प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में बच्चे एवं युवा खिलाड़ी अभ्यास के लिए आते हैं। उनके लिए वहां प्रकाश, पेयजल सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में अधोसंरचना मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को डिवाइडर की मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में रोड मरम्मत कराने तथा जेसीबी से नालियों की साफ-सफाई निरंतर कराने के लिए कहा।

कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अच्छा कार्य किया गया है। आगे भी योजना अंतर्गत रूफ टाप सोलर पैनल लगाने के लिए जनमानस को प्रोत्साहित करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बायोमैट्रिक के माध्यम से अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ई-ऑफिस अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करें। कलेक्टर ने कहा कि शीघ्र ही जिले में 2000 पीपल के पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को गिरदावरी की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि गिरदावरी का कार्य पटवारी एवं सर्वेयर प्राथमिकता देते हुए पूर्ण करें। उन्होंने सीएम जनदर्शन, सीएम हेल्पलाईन, पीजी, पीजी पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों की गहन समीक्षा की तथा शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा के लिए लगाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण के कार्य में प्रगति लाएं। अब तक 73 प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण की प्रगति हुई है। इसमें गति लाने के लिए जागरूकता लाएं। उन्होंने बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। दिव्यांगजनों के लिए जयपुर फुट हेतु बाल्को की टीम द्वारा किए जा रहे कार्य तथा 60 दिव्यांगजनों के चिन्हांकन एवं लगाए जाने वाले शिविरों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वामित्व कार्ड, बटांकन, नक्शा, सीमांकन एवं अन्य राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शहर में अवैध अतिक्रमण, आधार प्रगति, पोषण ट्रैकर, आयुष्मान वय वंदन कार्ड, अपार आईडी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पोषण ट्रैकर अंतर्गत बच्चों के आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता देते हुए करने कहा। बैठक में वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव अनिकेत साहू, एसडीएम डोंगरगढ़ विश्वास कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अर्जुनी में धूमधाम से मना आना आजादी का पर्व

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम अर्जुनी के धनीराम साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आजादी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष विजय जैन, अध्यक्षता लिखन सामू, विशिष्टि अतिथि नागेश बनकर (उपसरपंच) सहित शिव कुमार साहू, संजय सोनी, ओमेश्वरी सोनी, भैया लाल साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री जैन एवं विद्यालय के प्राचार्य आर.के. चैधरी ने ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय आकर पढ़ाई करने की बात कही। वहीं शिव कुमार साहू एवं की संजय सोनी के द्वारा सत्र 2025-26 में कक्षा-दसवी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर निशा वर्मा, व्दितीय श्रेया तथा 12वी में प्रथम स्थान जतिन देवांगन एवं द्वितीय गरिमा साहू को सिल्वर मेडल प्रदान किया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. निविदा क्र.: ई/18/एनएजी/2026-2027
कार्य का नाम: वरिष्ठ DEN (पूर्व), नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत सभी लाइनों पर डिज़ाइन मोड टैम्पिंग के लिए, Trimble Gedo Vorsys ट्रॉली सिस्टम जैसे पोर्टेबल ट्रैक जियोमेट्री मेज़रमेंट ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करके टैम्पिंग से पहले व बाद में ट्रैक का माप लेना।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,53,33,496/-
बयाना राशि: ₹ 3,06,700/-

2. निविदा क्र.: ई/19/एनएजी/2026-2027
कार्य का नाम: वरिष्ठ DEN (पूर्व), नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत पॉइंट्स और क्रॉसिंग, SEJ आदि के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग इंडिकेटर बोर्ड की सप्लाई और स्थापना।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,60,87,526/-
बयाना राशि: ₹ 3,21,800/-

3. निविदा क्र.: ई/20/एनएजी/2026-2027
कार्य का नाम: (1) ADEN, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत आने वाली गोंदिया की GRP और लोको कॉलोनी में नालियों में सुधार। (2) वरिष्ठ DEN (पूर्व), नागपुर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न यार्डों में बफर स्टॉप/डेड एंड और सैंड हम्प की व्यवस्था। (3) ADEN, डोंगरगढ़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत राजनांदगांव (RJN) और डोंगरगढ़ (DGG) में S&T विभाग के लिए बैटरी रूम्प के साथ एक OFC हट का निर्माण।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,25,28,917/-
बयाना राशि: ₹ 2,50,600/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **08.09.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है। प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेब-साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता - पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

AIM/36-89

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

अनमोल दावा

दुनिया में किसी को बेकार मत समझो, क्योंकि जो पेड़ फल नहीं देता वह छाया जरूर देता है।

जेन-जी के सपनों को मिले पंख

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा पीढ़ी यानी जेन-जी और जेन-अल्फा से सीधा संवाद किया। सरकार की नीतिगत दिशा स्पष्ट है-देश को डिजिटल, तकनीकी और मैन्यूफैक्चरिंग महाशक्ति बनाना। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मुफ्त ट्रेनिंग, डाटा सेंटर, क्रिटिकल मिनरल्स की खोज और सेमीकंडक्टर चिप प्लांट्स जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में भारी निवेश किया जा रहा है।

सरकार का यह दीर्घकालिक सोच च्विकसित भारत 2047ज् के सपनों को पंख लगाने वाला है, लेकिन इस चमकदार तकनीकी भविष्य के सिक्के का एक दूसरा और बेहद स्याह पहलू भी है, जो आज देश की सड़कों पर युवाओं के आक्रोश के रूप में बार-बार दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर और एआइ हब बनाने के प्रयास ऐतिहासिक हैं। सरकार चिप प्लांट्स और एआइ इकोसिस्टम के लिए लाखों करोड़ रुपये खर्च कर रही है।

नीति-निर्माताओं का मानना है कि इन आधुनिक उद्योगों से देश में लाखों च्हाई-एंडज् नौकरियां पैदा होंगी, लेकिन इस तथ्यात्मक सच से भी मुंह नहीं फेरा जा सकता कि ये उद्योग अत्यधिक पूंजी-गहन हैं, न कि श्रम-गहन। एक सेमीकंडक्टर प्लांट में अरबों रुपये का निवेश होता है, लेकिन वहां प्रत्यक्ष रोजगार कुछ हजार सुपर-स्पेशलाइज्ड इंजीनियरों को ही मिलता है। ऐसे में सवाल उठता है कि देश में सामान्य स्नातक पास फौज का क्या होगा? जो हर साल डिग्री लेकर रोजगार के बाजार की कतार में खड़ी हो रही है।

आंकड़ों के आईने में शिक्षित बेरोजगारी का सच- आर्थिक मोर्चे पर युवाओं की स्थिति को समझने के लिए सरकारी और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के आंकड़े आंखें खोलने वाले हैं। इंडिया स्किल्स की एक रिपोर्ट बताती है कि कालेजों से निकलने वाले 50 प्रतिशत से अधिक युवा आज भी उद्योगों की तात्कालिक जरूरतों के हिसाब से रोजगार योग्य नहीं हैं। यानी कहीं न कहीं हमारे शैक्षणिक संस्थानों और वहां की शिक्षा प्रणाली में विसंगतियां हैं।

जेन-जी और जेन-अल्फा युवाओं में बढ़ रहे असंतोष और उनके सड़कों पर उतरने की सबसे बड़ी और तात्कालिक वजह घरों में अभिभावकों के सपनों से जन्म लेने वाली लालसा और इंटरनेट मीडिया की होड़ तो है ही, इसके लिए कहीं न कहीं देश की चरमराई परीक्षा प्रणाली भी बराबर की दोषी है। पेपर लीक जैसी विसंगतियां इन युवाओं की बेचैनी स्वाभाविक रूप से बढ़ाती हैं। एक विश्लेषण के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में देश के 15 से अधिक राज्यों में 40 से ज्यादा बड़ी सरकारी भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं।

नीट-यूजी, यूजीसी-नेट और विभिन्न राज्यों की सिपाही एवं प्रशासनिक भर्ती परीक्षाओं में हुई धांधलियों ने देश के लगभग 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को कहीं न कहीं मानसिक तनाव तो दिया ही है, शैक्षणिक प्रणाली के प्रति उनके विश्वास को भी क्षति पहुंचाई है। यदि यह व्यवस्था ठीक होती, तो इस बड़े तबके के बीच असंतोष की चिंगारी इतनी गहरी नहीं होती और इसका लाभ उठाने वाले राजनीतिक दलों को बैठे-बिठाए अवसर नहीं मिलता। पेपर लीक होना, फिर परीक्षा का रद होना, अदालती मुकदमेबाजी और दोबारा जांच के इस चक्रव्यूह में युवाओं की उत्पादक उम्र के स्वर्णिम वर्ष व्यर्थ हो रहे हैं।

सरकार ने संसद में च्सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026ज् पारित कर पेपर लीक के खिलाफ पांच करोड़ रुपये तक के जुर्माने और 10 वर्ष तक की जेल का प्रविधान किया है, लेकिन कानून केवल कागजी ढाल नहीं हो सकते, उन्हें जमीन पर बेहद कड़ाई से लागू करना होगा। च्विकसित भारतज् का जो रास्ता सेमीकंडक्टर और एआइ की आधुनिक प्रयोगशालाओं से होकर गुजरता है, उसकी पहली सीढ़ी परीक्षा केंद्रों की शुचिता और पारदर्शिता से ही शुरू होती है।

कोचिंग के भंवर से निकल ही बनेगा भविष्य- पीएम मोदी का संदेश है कि भारत का युवा अब केवल पारंपरिक सरकारी नौकरियों या डिग्रियों की अंधी दौड़ में अपना जीवन बर्बाद नहीं करेगा। सरकार की नई नीतियां जैसे च्पीएम इंटर्नशिप योजनाज् और कौशल विकास के नए अवसर, सीधे तौर पर उस च्कोचिंग संस्कृतिज् की जड़ों पर प्रहार करती हैं, जिसने दशकों से देश के युवाओं को बंधक बना रखा है। निश्चित ही, ये घोषणाएं उम्मीद जगाती हैं कि अब अरबों रुपये के इस कोचिंग बाजार को मात मिलेगी और देश का युवा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। कोचिंग के बाजार ने समाज को किस कदर प्रभावित किया है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कोचिंग संस्थानों ने आज देश में एक समानांतर और अनियंत्रित साम्राज्य खड़ा कर लिया है। इसने हमारे सामाजिक ताने-बाने को भी बहुत गहरे जख्म दिए हैं। आज एक बच्चे का बचपन 10वीं या 12वीं कक्षा में नहीं, बल्कि छठी और सातवीं कक्षा से ही कोचिंग के भंवर में फंस जाता है। पहले 10वीं-12वीं तक छात्र वर्ग का बड़ा तबका ट्यूशन या कोचिंग की शक्ल तक नहीं देखता थाज् लेकिन बीते एक दशक में यह परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। अब कोचिंग एक स्टेटस सिंबल बन गई है। कोचिंग संस्थान छात्रों को इंसान नहीं, बल्कि केवल च्रैंकज् और च्रोल नंबरज् के रूप में देखने लगे हैं। इस माहौल में पला-बढ़ा युवा समाज के प्रति संवेदनशील होने के बजाय धीरे-धीरे अधिक आत्मकेंद्रित और रोबोटिक होता जा रहा है।

कोचिंग के इस बाजार को खाद-पानी कहीं और से नहीं, बल्कि माता-पिता की अधूरी आकांक्षाओं और सामाजिक दिखावे से मिलता है। आज बच्चे की शिक्षा उसकी रुचि के अनुसार नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि शर्मा जी या वर्मा जी के बेटे ने कौन-सा कोर्स चुना है। हर साल केवल एक से दो प्रतिशत बच्चों का चयन ही आइआइटी, एम्स या यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में हो पाता है। शेष 98 प्रतिशत युवा खुद को च्नाकामज् मानने लगते हैं। एक सच इस समाज को समझना होगा कि हर बच्चा आइंस्टीन या सचिन तेंदुलकर नहीं हो सकता।

CAG रिपोर्ट ने राज्यों के छिपे ऋण और जवाबदारियों का किया पर्दाफाश
16 वें वित्त आयोग की रिपोर्ट में बजट बाहर का ऋण

कामप्ट्रोलर और आडिटर जनरल (कैग) के द्वारा राज्य वित्तीय आडिट पर हाल ही एक रिपोर्ट आयी है। जिसमें राज्यों के वास्तविक वित्तीय, स्वास्थ्य के बीच की विसंगति का पर्दाफाश हुआ है। आडिटर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों की आय और राजकोषीय आय उनके वास्तविक ऋण से कम है। बजट बाहर के कर्ज, कर्ज का झूठा वर्गीकरण, विलम्बित पेंशन योगदान और अन्य बाकी जवाबदारियों को ध्यान में लेनें के बाद यह विसंगति सामने आयी है।

बजट बाहर के कर्ज पर राज्यों की बढ़ती जा रही निर्भरता एक विशेष चिन्ता का विषय है। यह ऋण सरकारी मालिकी के साहस, खास उद्देश्य से वाहनों और सरकार नियंत्रित संस्थाओं के द्वारा ली गई राशियों के कारण है। राज्यों के द्वारा उन्हे अनुदान, गारंटी अथवा समर्पित आय के द्वारा भुगतान किया जाता है। ऐसे कर्ज का उपयोग अनेक मरतबे अधोसंरचना संबंधित सुविधाएं, सब्सिडी अथवा नुकसान कर रहे सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों को आर्थिक मदद करने के लिए होता है और उसे सरकार के हिसाब पर तत्काल जवाबदारी के रूप में दर्शाया नहीं जाता। यह मुख्य राजकोषीय सूचकांको की विश्वसनीयता को कमजोर करती है।

सोलवे वित्तीय आयोग के लिए तैयार किए गए रिपोर्ट में, विश्व बैंक ने खोज निकाला है कि आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु ने 2021 और 2023 के बीच उल्लेखनीय रूप से बजट में जो शामिल नहीं था याने बजट बाहर का उधार लिया था। जो उनके कुल राज्य के स्थानीय उत्पादन का 0.06 से 4 प्रतिशत तक था। यहां वास्तविक समस्या राज्यों के द्वारा पारदर्शक और सुसंगत रिपोर्टिंग का अभाव है।

रिजर्व बैंक की दलील रहती है कि राजकोषीय जवाबदारी कानून को केवल ऋण के आंकड़ों का निरीक्षण ही नहीं करना चाहिए, परन्तु व्यापक राजकोषीय जोखिमों का भी मूल्यांकन करना चाहिए। आर.बी.आई. ने जोखिम आधारित राजकोषीय ढांचे का सुझाव दिया था। जिसके अधीन सरकारों ने व्यापक राजकोषीय जोखिम बयानों के द्वारा नियमित रूप से बजट बाहर के ऋण, गारंटी, आकस्मिक जवाबदारियां और पेंशन जवाबदारियों को सर्वाजनिक करना चाहिए।

कैग के निष्कर्ष में खर्च वर्गीकरण में कमजोरियों को भी दर्शाया गया था। अनेक राज्यों के द्वारा नियमित राजस्व खर्च को पूंजी खर्च के रूप में गलत रूप से वर्गीकृत करते हैं। जिसके कारण, राजस्व आय कम होती है और पूंजी खर्च ज्यादा दिखाई देता है। ऐसा गलत वर्गीकरण केवल राजकोषीय सूचकांको को विकृत ही नहीं करता, किन्तु घोषित खर्च की गुणवत्ता बाबत भी भ्रामक छबि बनाता है। माईनोर हेट 800- अन्य खर्च मद एकाउन्टिग श्रेणी का सतत् उपयोग भी चिन्ताजनक है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में दर्ज किया गया है कि बजट बाहर के ऋण का भुगतान करने के लिए उपयोगी अनुदान को अनेक मरतबे इस शीर्षक अधीन इकट्ठा किया जाता है। जो उनके सच्चे आशय को अस्पष्ट करता है। कैग ने अवलोकन किया है इस शीर्षक अधीन मोटी राशि भी रिकार्ड में ली जाती है। जिसके कारण विधानसभाओं, निवेशकारों और नागरिकों के लिए सार्वजनिक फण्ड वास्तव में कहां खर्च किया जा रहा है, यह समझना कठिन हो जाता है।

यद्यपि, सामान्य सरकारी एकाउंटिंग नियम पहले से ही अस्तित्व में हैं। इसके बावजुद, घोषित प्रथा असमान रहती है। अनेक मरतबे अपर्याप्त रहती है। प्रमाणित वित्तीय रिपोर्टिंग व्यवस्था में सभी राज्यों को बजट, वैसे ही बजट बाहर का ऋण, गारंटी, संभावित जवाबदारियां, आय जो किसी सुनिश्चित आशय अलग रखने, अवेतन कानूनी जवाबदारियों और पेन्शन जवाबदारियों को सार्वजनिक करने की अनिवार्य आवश्यकता है।

रिजर्व बैंक ने ऐसी भी जानकारी दी है कि राज्यों को बहुवर्षीय खर्च के आयोजन के द्वारा बजट रचना के साथ नीति निर्माण को और अच्छे प्रकार से संरेखित करने के लिए बीच के कार्यकाल के खर्च ढांचे को अपनाना चाहिए। इसी के साथ, नियमित रूप से राजकोषीय जोखिम बयानो को प्रकाशित करना चाहिए। राजकोषीय जवाबदारी का मूल्यांकन केवल उस पर फिर कराया नहीं जाता। सूचित वर्ष में आय के लक्ष्य पूर्ण हो जाते हैं या नहीं। अंत में, वे उस पर निर्भर करते हैं कि घोषित सरकारी विभाग सरकार की वास्तविक वित्तीय जवाबदारियों को ठोस रूप से दर्शाता है या नहीं?

नागरिकों पर ही है शहर साफ रखने की जिम्मेदारी

विनीत नारायण

सिर्फ सरकार को कोसना काफी नहीं। हमें खुद को भी आईना दिखाना होगा। अवैध निर्माण, मानकों से ज्यादा मंजिलें, नालियों में कचरा फेंकना, ये सब हम खुद करते हैं। ग्रामीण जीवन में जो सामूहिक जिम्मेदारी की भावना थी, शहर आकर हम भूल गए। कहने को शहरी हैं, लेकिन व्यवहार जंगली जैसा।

बरसात शुरू होते ही शहरों की गलियों-मोहल्लों में पानी जमा होना शुरू हो जाता है। मौसम विभाग अगर सही अनुमान लगाता है तो मूसलाधार बारिश के अनुमान के बावजूद देश के हर शहर में बरसात के गंदे पानी के तालाबों के बीच नारकीय जिंदगी जीने को मजबूर क्यों हो जाते हैं? हर साल यही कहानी दोहराई जाती है। लेकिन इसकी ज़िम्मेदारी क्या केवल सरकार की है? क्या नागरिकों की कोई ज़िम्मेदारी नहीं? क्या कारण हैं कि हर साल मानसून में देश के कई शहर नदी नालों में तब्दील हो जाते हैं?

सरकार की बात करें तो इसके तीन बड़े कारण हैं। पहला, बिना योजना के बसी कॉलोनियाँ और प्रशासन की आँख मूँदकर दी गई अनुमति। सड़क, नाली, सीवरज कुछ भी सही न हो तो भी कॉलोनी पास। दूसरा, नालियों और सीवर में ठोस कचरा जमा होना, क्योंकि स्थानीय निकाय अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाते। तीसरा और सबसे खतरनाक, हर दो-तीन साल में सड़कों की ऊँचाई बढ़ा देना। जिससे आसपास के मकानों का तल हमेशा नीचे होता जाता है और पानी भराव की मुख्य वजह बन जाता है।

पहले दो कारणों पर तो हर साल मीडिया में शोर मचता रहता है। लेकिन सड़क का बार-बार ऊँचा होना कोई नहीं पूछता। क्यों? क्योंकि जितनी मोटी सड़क बिछाई जाएगी, ठेकेदार और इंजीनियरों का मुनाफा उतना ही बढ़ेगा। पहली बार अच्छी गुणवत्ता की सड़क बना दी जाए तो बार-बार बनाने की जरूरत ही न पड़े। थोड़े-बहुत पैचवर्क से काम चल सकता है, वहाँ भी पूरी नई सड़क डाल दी जाती है। बिना इस बात का लिहाज किए कि सड़क के दोनों तरफ रहने वाले आम लोगों की इतनी हैसियत नहीं होती कि वे हर दो साल में अपने घर का फर्श ऊँचा करा लें।

यदि विदेशों से तुलना की जाए तो एक बार भी ऐसा नहीं देखा कि विदेशों की किसी कॉलोनी की सड़क अचानक ऊँची हो गई हो या किसी मकान का फर्श सड़क से नीचे हो गया हो। सौ साल पुराने मकानों में भी यह समस्या नहीं है। न सड़क का स्तर बढ़ा, न घर का फर्श नीचा हुआ। तो हमारे इंजीनियरों की अक्ल पर क्या पत्थर पड़ गए हैं? या समझते तो हैं, लेकिन रिश्वत की हवस में करोड़ों लोगों की जिंदगी में हर दो-चार साल मुसीबत खड़ी कर देते हैं।

लेकिन सिर्फ सरकार को कोसना काफी नहीं। हमें खुद को भी आईना दिखाना होगा। अवैध निर्माण, मानकों से ज्यादा मंजिलें, नालियों में कचरा फेंकना, ये सब हम खुद करते हैं। ग्रामीण जीवन में जो सामूहिक जिम्मेदारी की भावना थी, शहर आकर हम भूल गए। कहने को शहरी हैं, लेकिन व्यवहार जंगली जैसा।

आजकल सोशल मीडिया पर कुछ रील्स वायरल हो रही हैं। उनमें आम नागरिक दिखते हैं जो हाथ में फावड़ा-झाड़ू लेकर सड़क पर खड़े हैं। ये लोग जल भराव वाली सड़कों पर नालियों से प्लास्टिक, पॉलीथीन, गंदगी निकालते हुए देखें जाते हैं। कोई सरकारी विभाग का इंतजार नहीं कर रहा। खुद अपना इलाका साफ कर रहे हैं ताकि बारिश का पानी रुक न जाए। ये छोटी-छोटी कोशिशें ही असल बदलाव ला सकती हैं।

ज़रूरत है तो संगठित होने की। हम संबंधित अधिकारियों से सवाल पूछें। उनसे पूछें कि सड़क का स्तर हर दो साल में क्यों बढ़ाया जाता है। और अगर वे जवाब न दे पाएँ तो दबाव बनाएँ कि सड़क को उसके मूल स्तर पर लाया जाए।

आज जरूरत है कि हम उन वायरल रील्स वाले नागरिकों से सीखें। ज़रूरत पड़ने पर खुद निकलकर नालियाँ साफ करें, कचरा न फेकें, और साथ मिलकर प्रशासन पर दबाव बनाएँ। समस्या तभी घटेगी, जब हम अपनी उदासीनता छोड़कर खुद आगे बढ़ेंगे।

सोचिए, अगर हर मोहल्ले में सिर्फ दस-बारह लोग नियमित रूप से नालियों की सफाई करें या सरकारी विभाग पर साफ़-सफ़ाई का दबाव बनाएं तो क्या होगा? पानी का बहाव खुला रहेगा, मच्छर कम पैदा होंगे, बीमारियाँ घटेंगी और सबसे बड़ा फायदा, घरों में पानी घुसने का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा। वायरल रील्स में जो लोग दिख रहे हैं, वे कोई सुपरहीरो नहीं हैं। वे सामान्य नौकरीपेशा, दुकानदार, छात्र हैं। उन्होंने सिर्फ यह तय किया कि इंतजार करने से बेहतर है खुद काम करना। यही रवैया हमें अपनाना होगा।

एक और महत्वपूर्ण बात। सड़क की ऊँचाई बढ़ाने की समस्या सिर्फ पानी भराव तक सीमित नहीं है। जब सड़क ऊँची हो जाती है तो घर के दरवाजे-खिड़कियाँ सड़क के स्तर से नीचे आ जाते हैं। इससे घर में नमी बढ़ती है, दीवारें गीली रहती हैं, बिजली के तार खतरे में पड़ जाते हैं और बच्चों-बुजुर्गों के लिए घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कई परिवारों को मजबूरन घर का फर्श ऊँचा करवाना पड़ता है, जिसमें लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं। यह खर्च आम आदमी की जेब पर भारी पड़ता है, जबकि जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारी मजे से मुनाफा कमाते रहते हैं।

सोशल मीडिया आज सबसे ताकतवर हथियार है। अपने इलाके की सड़क की ऊँचाई का फोटो-वीडियो लें, पुराने और नए स्तर की तुलना दिखाएँ, और पोस्ट करें। स्थानीय विधायक, पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों को टैग करें। जब सैकड़ों लोग एक साथ आवाज उठाएँगे तो प्रशासन को जवाब देना ही पड़ेगा। साथ ही, मोहल्ला स्तर पर सफाई अभियान शुरू करें। रविवार की सुबह दो घंटे निकालकर नालियाँ साफ करना कोई बड़ी बात नहीं। यह छोटी सी मेहनत साल भर की परेशानी बचा सकती है।

याद रखें, सरकार और प्रशासन तभी जागते हैं जब नागरिक जाग जाते हैं। अगर हम सिर्फ कोसते रहे और खुद कुछ न किया, तो अगले साल फिर वही पानी, वही गंदगी और वही शिकायतें होंगी। लेकिन अगर हमने उन वायरल रील्स वाले नागरिकों की तरह जिम्मेदारी संभाली, तो बदलाव जरूर आएगा। नाली साफ करना शर्म की बात नहीं, बल्कि गर्व की बात है। क्योंकि यही असली देशभक्ति है, अपने आसपास को साफ और सुरक्षित रखना। समय आ गया है कि हम सिर्फ शिकायत न करें, बल्कि समाधान का हिस्सा बनें।

सामयिक चर्चा

नयी टीम में एक कमी रह गई

खबर पढ़कर बानी बोले - गजाधर !
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष
नीतिन नबीन की नयी टीम के ऐलान करने की
अब आई बारी !
स्मृति ईरानी, वसुन्धरा राजे सहित
कई चेहरों को मिली जिम्मेदारी।
मालूम गजाधर !
हमारे छत्तीसगढ़ की रूपकुमारी चौधरी
बनाई गई महिला मोर्चा की अध्यक्ष,
जबकि दीपक म्हस्के हुए
सोशल मीडिया के संयोजक
यह अच्छी बात है गजाधर !
कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन ने
अपनी नयी टीम में
बारह महिलाओं को स्थान दिया है।
महिलाओं को सम्मान दिया है।
गजाधर ! हम तो हमेशा
आपकी प्रतिक्रिया जानने को आतुर रहते है।
तो इस पर आप क्या कहते है?
गजाधर बोले गंभीर होकर -
'बानी ! आज हमारा ध्यान
सुश्री सरोज पाण्डेय की ओर जाता है।
यदि उन्हें नयी टीम में
स्थान मिलता, तो उनके
साथ-साथ छत्तीसगढ़ का
चेहरा और खिलता।'
(मंगलवार 18 अगस्त 2026)

गिरीश बख्शी

कविता

एक तिरंगा लाखों अरमान

जय हिन्द ,जय जय हिंदुस्तान। मां तुझे सलाम।
डोंगरगढ़ के मालिकों व डोंगरगढ़ के देशभक्तों, स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।

आज पूरा हिंदुस्तान आजादी का जश्न मना रहा है। महामहोत्सव मना रहा है। हम सबकी पहचान एक है। हम भारतीय हैं। साथियों, आज का भारत 1947 वाला भारत नहीं है।

ये नया भारत है।
नया भारत जहाँ चांद पर तिरंगा फहरता है।
नया भारत जहाँ दुनिया कोरोना में दवा मांगने भारत आती है।
नया भारत जहाँ गरीब के घर गैस, बिजली, शौचालय पहुंचता है।
और इसका श्रेय जाता है हमारे यशस्वी
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को।
और छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार को।
सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा।
भारत माता की जय,
वंदे मातरम,
जय हिंद।

डॉ. पन्नालाल बाफना
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

बाल कविता

//मेंढक की सीख//

उछल ताल से मेंढक आया।
जोर-जोर से वह टर्राया।।
फुदक-फुदक सबके घर पहुँचा।
दरवाजे पर वह चिल्लाया।।
आओ सारे बच्चे बाहर।
हाथ पकड़ वह सबको लाया।।
लाया ताल किनारे सबको।
पत्थर देकर उन्हें बिठाया।।
बोला देखो मौसम सुंदर।
बारिश का फिर भेद बताया।।
ताल-तलैया भरे लबालब।
डुबक-डुबक कर खूब हँसाया।।
कुछ बच्चों ने गाया गाना।
कोई अपना नाच दिखाया।।
रंग-बिरंगे देख नज़ारे।
सबका मन अब था हर्षाया।।
घर से बाहर प्यारी दुनिया।
समझ आज बच्चों को आया।।
मित्र बने फिर आपस में सब।
इक-दूजे को गले लगाया।।

प्रिया देवांगन 'प्रियू'

राशिफल

मेष — मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज बच्चों की तरफ से आपको गुड न्यूज मिल सकती है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आज आपके मन में नए विचार आयेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा।

वृष राशि — वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज बिजनेस के सिलसिले में आपकी विदेश यात्रा भी हो सकती है और ये यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। आज आपकी नौकरी में प्रमोशन हो सकता है, जिससे ऑफिस में आपकी छवि मजबूत बनेगी। आज किसी करीबी रिश्तेदारों के आने से आपके घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

मिथुन — मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक बना रहेगा। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी लेकिन आप लेन देन करते समय थोड़ी सतर्कता बरतें। आज आपको करियर को लेकर थोड़ी उलझन हो सकती है, आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा।

कर्क — कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने पिता का काम में हाथ बटायेंगे, जिससे उन्हें खुशी मिलेगी। आज आप बच्चों के लिए घर में अलग अलग तरह की डिशेज बना सकती है। आज आप दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जा सकते हैं, जहाँ आप खूब इंजॉय करेंगे।

सिंह — सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए उपयोगी बना रहेगा। आज आपके सारे रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। आज दुकानदारों के लिए का दिन अच्छा रहेगा, इस राशि के इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों को आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज लम्बे समय बाद आपको किसी दोस्त से मिलने का मौका मिलेगा, जिससे मिलकर आपको खुशी होगी।

कन्या — कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ी डील मिल सकती है, जिससे आपके व्यापार में ग्रोथ होगी। आज आपको किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आप बच्चों के साथ शाम को बाहर घूमने जायेंगे, जिससे उन्हें खुशी मिलेगी। आज आपका स्वास्थ्य पहले से फिट रहेगा।

तुला — तुला राशि वालों आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप व्यर्थ के खर्चों को कम करने का प्रयास करें तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस में दुगुना धन लाभ होगा, जिससे आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम जल्दी पूरा हो जाएगा।

वृश्चिक — वृश्चिक राशि वालों आज का दिन के लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आप अपने बड़े बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर नया बिजनेस शुरू करें तो फायदा होना तय है। आज काम कमी अधिकता रहेगी इसलिए आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें। इस राशि के लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

धनु — धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा। आज ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते हैं। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

मकर — मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आज आप खुद को अधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे, जिससे आपका मन काम में लगेगा। आज आप किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेन देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच पड़ताल जरूर कर लें। आज आप घर के बड़े-बुजर्गों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें।

कुंभ — कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कई दिनों से रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है, जिससे मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आप किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें, जिससे आपका काम शांति से हो जाये। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा।

मीन — मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है, आप जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपको बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा।

भारी बारिश के बाद भी फीकी नहीं पड़ी देशभक्ति का उत्साह

स्वतंत्रता दिवस पर बारिश के बीच जगह जगह शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

अंबागढ़ चौकी (दावा)। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ नगर एवं वनांचल में देशभक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से हो रही बारिश के बाद भी स्वाधिनता दिवस के पर्व पर नगर एवं क्षेत्र में जगह जगह शान से तिरंगा लहराया गया एवं देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। ब्लाक मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस का पर्व परंपरानुरूप मनाया गया। प्रातः काल विभीन्न स्कूलो एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नगर में प्रभातफेरी निकाली। गांधी चौक में ध्वजारोहण ध्वजारोहण से पूर्व नगर के सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन हुआ। इसके बाद ब्लाक स्तर पर मुख्य कार्यक्रम जनपद पंचायत परिसर में स्थानीय विधायक भोलाराम साहू के मुख्य आतिथ्य तथा नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सुबह से हो रही बारिश के बाद भी मुख्य समारोह स्थल में बडी संख्या में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए। और विद्यालयों की ओर से होने वाली सास्कृतिक प्रस्तुतियो में शामिल हुए। स्वतंत्रता दिवस

के अवसर पर बरसते पानी के बीच छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविता, भाषण प्रस्तुत किया गया।

मुख्य कार्यक्रम में विधायक भोलाराम साहू ने सीएम का संदेश वाचन किया। अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की पिछले दो वर्ष से स्वाधिनता दिवस के दिन बारिश हो रही है। इसके बाद भी नागरिको एवं विद्यार्थियों के देशभक्ति के पर्व को लेकर उत्साह बना रहता है।

नगर अध्यक्ष ने बारिश से कार्यक्रम में आने वाली परेशानियों की चर्चा करते हुए इस बात पर चिंता जाहिर की अब समय आ गया है कि हम स्वाधिनता दिवस के समारोह को बारिश से बचाने के लिए मुख्य कार्यक्रम स्थल में डोम या शेड की व्यवस्था कराए। मुख्य कार्यक्रम के अलावा नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत में जनपद अध्यक्ष तथा भारत माता चौक में नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने ध्वजारोहण किया। जबकि विभिन्न स्थानों में विधायक भोलाराम साहू ने ध्वजारोहण किया। बस स्टैण्ड में भाजपा ने तथा राजीव गांधी चौक में कांग्रेस पार्टी द्वारा स्वाधिनता दिवस का कार्यक्रम मनाया गया।

सांसद संतोष पाडेय की राष्ट्रपति से मुलाकात संसदीय क्षेत्र व प्रदेश के लिए गौरव की बात : डॉ. पन्नालाल बाफना

डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय द्वारा नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन पहुंचकर भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से सपरिवार सौजन्य भेंट करने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

सांसद की इस गरिमामयी मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पन्नालाल बाफना ने इसे छत्तीसगढ़ और पूरे संसदीय क्षेत्र के लिए गर्व व सम्मान का विषय बताया है। डॉ. बाफना ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति से सांसद श्री पांडेय की यह आत्मीय भेंट केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के सम्मान, समृद्ध संस्कारों और सशक्त जनप्रतिनिधित्व की पहचान है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनभावनाओं और समस्याओं को संसद व देश के सर्वोच्च मंच तक मजबूती से पहुंचाने वाले सांसद संतोष पांडेय को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी सांसद संतोष पांडेय ने सपरिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंटकर मार्गदर्शन प्राप्त किया था।

पहला कॉलम...

औंधी में तिर्की परिवार के दो सगे भाई-बहन का असमय निधन

0 जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने जताया गहरा शोक, अंतिम संस्कार में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि

मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी में तिर्की परिवार के दो मासूम सगे भाई-बहन के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। इस हृदयविदारक घटना से स्थानीय ग्रामीण स्तब्ध और दुखी हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह औंधी पहुंचीं और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके उपरांत श्रीमती सिंह दोनों मासूमों की अंतिम यात्रा व अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुई तथा दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती नम्रता सिंह ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान करें और पीड़ित परिवार को इस असहनीय दुःख व वज्रपात को सहने की शक्ति दें।

टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत घुमका में किया जा रहा सर्वे

राजनांदगांव (दावा)। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के घुमका में डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका में प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत घर घर सर्वे पश्चात टीबी एप एवं पोर्टल में एन्ट्री के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दिसम्बर 2026 तक टीबी मुक्त पंचायत, टीबी मुक्त विकासखण्ड एवं टीबी मुक्त जिला बनाने के लक्ष्य रखा गया है। टीबी के संभावित मरीजों की समय पर पहचान, जांच, उपचार तथा उपचार पूर्ण होने तक सतत निगरानी तथा नए मरीजों की शीघ्र पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने प्रत्येक ग्राम पंचायत में टीबी उन्मूलन के लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा टीबी उन्मूलन को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, उप संचालक पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग श्रीमती वैशाली मरडवार, नोडल अधिकारी अधिकारी कुष्ठ एवं टीबी कार्यक्रम डॉ. अल्पना लुनिया, जिला एनसीडी सलाहकार डॉ. विकास राठौर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका डॉ. उषा विन्ध्यराज, जिला डाटा प्रबंधक अखिलेश चोपड़ा, डीपीसी भूषण साहू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मानपुर में शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा व भव्य शोभायात्रा

विधायक इंद्रशाह मंडावी हुए शामिल, की क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना

मोहला-मानपुर (दावा)। राजाबाड़ा मानपुर स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा एवं भव्य शोभायात्रा का धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन-अभिषेक किया तथा क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विधायक मंडावी शिवभक्तों के साथ शामिल हुए। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों की थाप और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से समूचा नगर भक्तिमय हो उठा। विधायक श्री मंडावी ने इस सफल आयोजन के लिए मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों को बधाई दी तथा समाज में धार्मिक एकता व सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने का संदेश दिया। इस धार्मिक उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व नगरवासी उपस्थित रहे।

प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाबा चंद्रमौलेश्वर : आज खैरागढ़ में निकलेगी भव्य पालकी यात्रा

उज्जैन की तर्ज पर श्रीराम गौ सेवा समिति द्वारा लगातार छठवें वर्ष आयोजन, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल

खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी खैरागढ़ में सावन मास के पावन अवसर पर भगवान श्री महाकाल (बाबा चंद्रमौलेश्वर) की छठवीं भव्य पालकी यात्रा आज 19 अगस्त को निकाली जाएगी। श्रीराम गौ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक यात्रा में भगवान शिव अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। आयोजन को लेकर समूचे नगर में जगह-जगह भगवा स्वागत द्वार बनाए गए हैं और शिवभक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

किल्लापारा से शुरू होकर दंतेश्वरी मंदिर पहुंचेगी यात्रा

पालकी यात्रा का शुभारंभ दोपहर 1 बजे श्रीराम गौ सेवा केंद्र, किल्लापारा से होगा। यहां से पालकी यात्रा मेन रोड, जयस्तंभ चौक, राजीव चौक, मस्जिद रोड, बख्शी मार्ग, इतवारी बाजार, कुम्हारपारा, बरेठपारा, ठाकुरपारा और हॉस्पिटल चौक होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचेगी। मंदिर परिसर में भगवान महाकाल की भव्य महाआरती और महाप्रसाद वितरण के साथ यात्रा का विधिवत समापन होगा।

हरिहर और शिव-शक्ति मिलन रहेगा आकर्षण

पालकी यात्रा के दौरान गोलबाजार स्थित बांके बिहारी मंदिर में 'हरिहर मिलन' तथा इतवारी बाजार स्थित शीतला मंदिर में 'शिव-शक्ति मिलन' का विशेष आयोजन होगा। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों व श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा, आरती और स्वागत किया जाएगा। पारंपरिक वाद्ययंत्रों, भजनों और जयकारों से पूरा शहर शिवमय रहेगा।

उज्जैन की तर्ज पर बनी खैरागढ़ की पहचान

उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर आयोजित होने वाली यह पालकी यात्रा अब खैरागढ़ की विशेष सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। इस आयोजन में श्री महाकाल मंदिर सिंघोला और महाकाल सेना राजनांदगांव का विशेष सहयोग रहेगा। समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को मिला गणवेश

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम करमरी के आंगनबाड़ी सहित शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच दीनदयाल साहू ने स्कूली छात्र-छात्राओं को निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। श्री साहू ने बच्चों को नियमित स्कूल आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित पालकों से भी बातचीत की और बच्चों की शिक्षा में निरंतर सहयोग देने की बात कही। इस दौरान पंच प्रतिनिधि, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे

कुमरदा में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

डोंगरगाँव (दावा)। हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था प्रभारी प्राचार्य अखिल पटेल द्वारा ध्वजारोहण पश्चात स्कूली छात्रों द्वारा तिरंगा लिए बैंड के धुन में गीत गाते, नारे लगाते रैली निकाली गई।

तत्पश्चात सरपंच नूनकरन भूआर्य के मुख्य अतिथि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति गीत नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत कर दिया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र वैष्णव एवं बसंत यादव ने किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति का अध्यक्ष दुलेश्वरी कोलियारे, उपाध्यक्ष ललित साहू, ग्राम पटेल कांतिलाल साहू, उपसरपंच विजय कोसमा, पूर्व सरपंच दिनेश ठाकुर, पूर्व उपसरपंच लालचंद साहू तथा समस्त पंच, स्टाफ, स्कूल छात्रों एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

देश समृद्ध और शाक्तिशाली बनता है शिक्षा से - संदीप घोड़ेसवार

(राजेश मेश्राम)

जोंधरा (दावा)। डॉ. भीमराव आम्बेडकर का कथन है कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है। जिसे जो जितना पीयेगा वो उतना ही दहाड़ेगा। हमारे देश का भी भविष्य सिर्फ शिक्षा पर ही निर्भर करता है। यदि आज की आने वाली पीढ़ियां अच्छी उच्च शिक्षा ग्रहण कर पाये तो देश में लोकतंत्र हमेशा मजबूत रहेगा। उक्ताशय के विचार शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खुज्जी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में संदीप घोड़ेसवार ने व्यक्त किया। उन्होंने अपनी तरफ से दसवी व बारहवीं में प्रथम स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं जिसमें दिनेश देवांगन एवं वर्षा साहू को 2000-2000 रुपया नगद प्रदान किया एवं घोषणा की यह राशि वे प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को प्रदान करेंगे। विदित हो संदीप घोड़ेसवार 24 वर्षीय खुज्जी के समीपस्थ ग्राम दर्री के निवासी हैं एवं प्रत्येक सामाजिक समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। इसके पूर्व भी स्वच्छता दीदीयों को उनके श्रेष्ठ कार्य हेतु 500-500 रूपये एवं मेडल दे चुके हैं और प्रत्येक वर्ष उन्हे भी देने की घोषणा की है। उन्होंने विद्यार्थियों से नो निगेटिव में ना पड़कर हमेशा सकारात्मक सोंच रखने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच अजय पंसारी एवं शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर में झूला दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

डोंगरगांव (दावा)। नगर के बीटीआई रोड (पुराना थाना स्थल के समीप) स्थित प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर में श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों की धूम मची हुई है। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार हरेली पर्व के पश्चात भगवान श्री राधाकृष्ण को पवित्र झूले पर विराजमान किया गया है।

जिसके दर्शन के लिए नगरवासी व श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर एवं झूला स्थल को वैष्णव परिवार व सहयोगियों द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक रूप से सजाया गया है। सावन मास के उपलक्ष्य में मंदिर में प्रतिदिन शाम 4 बजे से

प्रतिदिन गूंज रहे रामायण पाठ व भजनों के स्वर

राधाकृष्ण रामायण मंडली द्वारा संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इसके साथ ही नगर के एसआर ग्रुप के युवाओं द्वारा झूला उत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। भजनों की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आयोजन में ग्रुप के सदस्य प्रकाश, विक्की, नवनीत, पीयूष, गौरव, विक्रांत, राहुल, नितेश सहित अन्य साथी सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से भजन संध्या एवं दर्शन लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण

खैरागढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम जिस स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, वह हमें सहज रूप से प्राप्त नहीं हुई है। इसके पीछे हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और पूर्वजों के अदम्य साहस, त्याग, बलिदान और संघर्ष की लंबी गाथा है। उन्होंने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, यातनाएं सहीं, जेल की सलाखों के पीछे वर्षों तक कैद रहे और अनेक कठिनाइयों का सामना किया। उनके त्याग, दृढ़

संकल्प और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र राष्ट्र के नागरिक के रूप में खुले आसमान में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह अवसर हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने के साथ ही यह संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हम अपनी स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए देश एवं प्रदेश के विकास में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति गीत एवं कविता की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। साथ ही उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन राज, डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा, रेणुका रात्रे, देवेस साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आजादी का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मना

डोंगरगढ़ (दावा)। भगतसिंह वार्ड नं. 19 भारत माता चौक में आज़ादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ देश की आन-बान और शान तिरंगा झंडा को फहराया गया। राष्ट्रगीत को गाया गया। तिरंगा झंडा को डॉ. अरविंद विश्वास, डॉ. राजेश राघोंते, विजय बिंदल सुनील तपड़िया ने सामूहिक रूप से फहराया। कार्यक्रम में निजार जीवा, टीनकू जीवा, विजय नामदेव, हरलाल नामदेव, विवेक शर्मा, कृष्णा शर्मा, शुभम् देशमुख, अकिफ जीवा, अदीब जीवा, गगन नामदेव आदि मोहल्लेवाशी उपस्थित थे।

सहायक शिक्षक की अनियमित उपस्थिति को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

अंबागढ़ चौकी (दावा)। बड़े कलकसा अंबागढ़ चौकी प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक संकेत गुप्ता की कथित अनियमित उपस्थिति को लेकर ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सहायक शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार वे महीने में केवल कुछ दिनों ही स्कूल आते हैं और कई दिनों तक अनुपस्थित रहते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उपस्थित रहने के दौरान भी वे कक्षा में जाकर बच्चों को नियमित रूप से अध्यापन नहीं कराते। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में स्कूल समिति द्वारा पूछताछ करने पर शिक्षक के मोहला जिला मुख्यालय जाने की बात सामने आई। मामले की जानकारी बीईओ अंबागढ़ चौकी एवं जिला शिक्षा अधिकारी मोहला को भी दिए जाने का उल्लेख शिकायत में किया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए संबंधित सहायक शिक्षक को यथास्थान नियमित रूप से पदस्थ रखने अथवा किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की उचित कार्रवाई की जाए। शिकायत पत्र पर ग्रामवासियों के हस्ताक्षर भी हैं।

आदर्श विद्यालय हाईस्कूल हरडुवा में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

घुमका (दावा)। आदर्श विद्यालय हाईस्कूल हरडुवा में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपचंद वर्मा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

इस अवसर पर विद्यालय की संचालक श्रीमती अन्नपूर्णा जंघेल, प्राचार्य शशिकांत जंघेल, ग्राम पटेल दिगम्बर वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी सुनील वर्मा, तोषण सिन्हा, रोहित वर्मा, बाला वर्मा, कमलेश वर्मा और नंदू सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान के.जी. से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, संगीत और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अमर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया।

रोहित वर्मा ने बताया कि गांव में नवीन विद्यालय होने के बावजूद पहले ही वर्ष लगभग 60 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित ग्रामीणों व पालकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों ने ध्वजारोहण में नहीं ली रुचि, आसपास के रहवासियों ने किया ध्वजारोहण

डोंगरगांव (दावा)। नगर के पोस्ट आफिस के पूर्व अधिकारी की लापरवाही के चलते कार्यालय के सामने राष्ट्रीय पर्व पर पिछले दो बार राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हुआ। जिसके बाद इस मामले में प्रशानिक अधिकारियों ने संज्ञान तो लिया लेकिन कार्यवाही नहीं हो पाई।

दो बार हुए राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के बाद आस-पास के रहवासी और व्यापारियों ने इस बार 15 अगस्त को पोस्ट आफिस के सामने ससम्मान ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व मनाया। डोंगरगांव पोस्ट आफिस के कर्मचारियों ने अपने कर्तव्य से मुंह मोड़ा तो आसपास के शोभाराम ठाकुर, डी.पी.चौधरी रोशन झा, अनिल केसर, पवन ठाकुर, जाहिर खान, उमाकांत वर्मा, गिरीश पंसारी, अभिषेक देवांगन, विवेक चौधरी, वैभव चौधरी, खेलन सार्वा, युवराज साहू, नूतन साहू, गुलशन साहू, रणविजय चौधरी, त्रिशा चौधरी की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया, राष्ट्र गान व राष्ट्र गीत के साथ हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

इस मौके पर विशेष रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता मौजूद रहे। सभी उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने झंडा चौक का नामकरण करते हुए विधिवत पूजा अर्चना कर ध्वजा रोहण ठाकुर समाज अध्यक्ष शोभा ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में व्यापारी वर्ग द्वारा झंडा चौक का नामकरण करते हुए आजाद चौक नाम दिया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित धरमपाल सिंह चौधरी चौधरी ने कहा हमें हमेशा देशभक्ति और भाईचारा के प्रति एकता बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित वरिष्ठजनों और राहगीरों को लडडू और मिठाई वितरण किया गया।

हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस, देवशरण सेन ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजनांदगांव में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व अत्यंत गरिमामय एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के सदस्य देवशरण सेन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विधिवत ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सुमधुर गीत, मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों व उपस्थित जनों को मिष्ठान वितरण कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मुड़पार में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरदी (दावा)। ग्राम पंचायत मुड़पार (सुरगी) के संगम चौक आबादी परिसर में ध्वजा रोहन का कार्यक्रम किया गया जिसमें सरपंच उपसरपंच एवं वार्ड पंच सम्मिलित थे।

रामलाल साहू, कोमल यादव, फागु साहू, एवं वार्डवासी रूपचंद साहू, राजेश साहू, योगेश, ईश्वर, सोहन, लोमेश्वर, पूरण, हरीश, सोमू, अलीराम, सुभाष, तोमन, रोहित, शिवानंद, मुकेश, भुवन, विक्की, सागर, मनीष, करुणा, पूजा, रूपाली, दर्शन, बीरेंद्र, धर्मेन्द्र कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस, राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन, राजनांदगांव द्वारा स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। समारोह में एसोसिएशन के संरक्षक द्वय एस. डी. शर्मा एवं एस. जी. भट्ट द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष तुलसी राम साहू ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और निरंतर प्रगति के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। साथ ही उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर सेनानियों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला, जहां जागेश्वर साहू, तोषदास एवं मानसिंह ने सुमधुर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। पूरे आयोजन में सभी सदस्यों के बीच जबरदस्त उत्साह, आत्मीयता और अनुशासन नजर आया। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया। अंत में उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए एसोसिएशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और राष्ट्रहित व समाज सेवा के कार्यों में निरंतर समर्पित रहने का आह्वान किया। यह जानकारी पेंशनर्स एसोसिएशन राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी रमेश राव गायकवाड़ द्वारा दी गई।

अछोली सरपंच नंदकुमार साहू सम्मानित 'पीएम सूर्य घर योजना' में उत्कृष्ट कार्य के लिए विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिया प्रशस्ति पत्र

डोंगरगढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में डोंगरगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत अछोली के सरपंच नंदकुमार साहू को सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उन्हें 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि नंदकुमार साहू का लंबा सार्वजनिक व राजनीतिक जीवन रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन वर्ष 2000 से लेकर 2024 तक वे लगातार ग्राम पंचायत में पंच निर्वाचित होते रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले श्री साहू वर्ष 2009 से 2014 तक कृषि उपज मंडी के सदस्य भी रहे। इसके उपरांत मार्च 2024 के पंचायत चुनाव में विजय हासिल कर वे ग्राम पंचायत अछोली के सरपंच बने। पदभार ग्रहण करने के बाद से ही वे गांव के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वर्तमान में गांव में नया अछोली तालाब सौंदर्यीकरण, वार्ड क्रमांक 3 में नाली व सीसी रोड निर्माण तथा प्रकाश विहीन गलियों में सौर ऊर्जा लाइट लगाने जैसी कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएं प्रस्तावित हैं। इन विकास कार्यों को शीघ्र गति देने के लिए सरपंच नंदकुमार साहू ने जिला पंचायत राजनांदगांव एवं जनपद पंचायत डोंगरगढ़ से आवश्यक मूलभूत राशि व फंड स्वीकृत करने की मांग की है। सरपंच नंदकुमार साहू को जिला स्तर पर मिले इस सम्मान पर ग्रामवासियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

अग्रहरि समाज राजनांदगांव ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

राजनांदगांव (दावा)। अगस्त राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अग्रहरि समाज राजनंदगाँव द्वारा नगर के हृदयस्थल फव्वारा चौक स्थित अग्रहरि भवन में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया। सभी ने राष्ट्रगान के साथ भारतमाता के सम्मान में जयकारे लगाए।

इस अवसर पर अग्रहरि वैश्य समाज राजनंदगाँव के अध्यक्ष प्रभात अग्रहरि राजा, समाज के संरक्षकगण, प्रमुख पदाधिकारीगण, अग्रहरि महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अलका अग्रहरि, महिला संरक्षकगण, प्रमुख पदाधिकारीगण, अग्रहरि युवा संगठन के पदाधिकारीगण के साथ ही समाज के सदस्य उपस्थित थे। स्वल्पाहार व मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति से सराबोर हुई प्रतिभास्थली की अनुपम प्रस्तुतियाँ

डोंगरगढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ, चंद्रगिरि तीर्थ डोंगरगढ़ में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनमानस का मन भाव-विभोर कर दिया। छात्राओं की ओजपूर्ण प्रस्तुतियों, मधुर गीतों, नृत्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रस्तुति कौशल का परिचय देते हुए स्वतंत्रता संग्राम के वीरों, राष्ट्रभक्ति और देश की गौरवशाली परंपरा को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रत्येक प्रस्तुति में देश के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।छात्राओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि राष्ट्र की सच्ची शक्ति उसकी युवा पीढ़ी के संस्कार, ज्ञान, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम में निहित है। प्रतिभास्थली की इन अनुपम प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को यादगार बना दिया और उपस्थित जनमानस को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया।

अपने कर्तव्यों को ध्यान में रखकर दायित्वों का करें निर्वाहन-कलेक्टर

मोहला (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों से भेंट की और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को नमन किया। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी बेहतर कार्य कर रहें है, लेकिन हमें जिले को आगे बढ़ाने के लिए और बेहतर करना होगा। नए जिले होने के कारण विभिन्न प्रकार की चुनौतियां हैं लेकिन कम संसाधन आपके कार्य क्षमता को बढ़ाएगा साथ ही हमें और बेहतर बनाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को ध्यान में रखकर कार्य करने एवं दिए गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाहन करने को कहा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

रंग धारा लोककला मंच की वर्षगांठ पर विद्यार्थियों को खुमेश साहू द्वारा पेन-कॉपी वितरण

सुरगी (दावा)। रंग धारा लोक कला मंच की वर्षगांठ के शुभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला, सुरगी में रंग धारा व रंग छत्तीसगढ़ के संचालक खुमेश साहू द्वारा विद्यार्थियों को पेन एवं कॉपी का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, नियमित अध्ययन तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एवं सामाजिक सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देना रहा। रंग धारा लोक कला मंच ने भविष्य में भी शिक्षा, संस्कृति एवं समाज सेवा से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। इस शुभ अवसर में सरपंच सुग्रीव साहू ग्रामीण अध्यक्ष कमलेश साहू, उपाध्यक्ष डुमन साहू, कैलाश साहू, याददास साहू, रोशन साहू, भागवत साहू, कारण साहू, नोहर साहू, खेमिन बाई साहू, रविना बाई साहू, शिला बाई साहू,व शासकीय प्रथमिक शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहा।

प्रथम पृष्ठ का शेष....

झारखंड में परीक्षा रद्द होने पर राहुल....

कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमिताभ कौशल की अध्यक्षता वाली परीक्षा सुधार समिति भर्ती परीक्षा प्रक्रिया को मजबूत करने के उपाय सुझाएगी। सोरेन ने बैठक के बाद कहा, सरकार ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग-संयुक्त स्नातक स्तर (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है, जो विरोध कर रहे छात्रों की मुख्य मांगों में से एक थी। हमने आउटसोर्स एजेंसी टीएसआर डेटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड (टीडीपीएल) द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं और उसके द्वारा जारी नतीजों को भी रद्द करने का फैसला किया है। इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, झारखंड के छात्रों और राज्य सरकार के बीच सहमति बनी, और छात्रों ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त की, यह खबर सुनकर बहुत खुशी हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी और झारखंड सरकार ने बातचीत का रास्ता चुना, और समाधान निकाला। छात्रों ने संयम रखा, और अपनी बात मनवाई। यही सही तरीका है। अपनी पोस्ट के साथ राहुल गांधी ने समाचार एजेंसी एएनआई की एक पोस्ट को भी शेयर किया जिसमें परीक्षाएं रद्द करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो दिख रहे हैं। इस वीडियो में महतो कह रहे हैं, आज, हमारी भूख हड़ताल के 16 वें दिन, हमने बहुत सम्मानजनक तरीके से अपना उपवास खत्म किया है। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका पांडे और हमारे विधायक जयराम महतो की संयुक्त पहल की बदौलत, जिन मांगों के लिए हम संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे, उन्हें मान लिया गया है। नतीजतन, हम आज अपने शांतिपूर्ण विरोध को रोकने की घोषणा कर रहे हैं।

महतो बोले- सरकार ने लिया बहुत बड़ा निर्णय: आगे उन्होंने कहा, हालांकि हम आगे के सुधारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, लेकिन आज दिखाई गई उदारता के लिए हम झारखंड सरकार, मुख्यमंत्री और राहुल गांधी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। आज (सोमवार को) लिया गया निर्णय आसान नहीं था, खासकर इसलिए क्योंकि ष्टलरु परीक्षा की नियुक्तियां और जॉइनिंग की प्रक्रियाएं पहले ही हो चुकी थीं और छात्रों की ओर से विरोधाभासी अपीलें आ रही थीं, जिनका दावा था कि उनके मामले सही हैं। फिर भी, एक ईमानदार और निष्पक्ष जांच करके और सभी के लिए आगे का रास्ता निकालकर, सरकार ने एक बहुत बड़ा निर्णय लिया है।

सोमवार सुबह राहुल ने लिखा था सोरेन को पत्र: इससे पहले सोमवार सुबह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री से छात्र आंदोलन में हस्तक्षेप करने की अपील की थी। उन्होंने पत्र लिखकर सीएम को सुझाव दिया था कि वे विरोध कर रहे छात्र प्रतिनिधियों से खुद मिलें। इससे उनकी चिंताएं दूर करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। संकट की इस घड़ी में हमें उनके साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। उनकी बात सुनने और इस मुद्दे के समाधान को कदम उठाने की कोशिश करें।

राहुल बोले- शिक्षा व्यवस्था पर हुआ RSS-BJP का कब्जा: राहुल ने पत्र में लिखा कि कांग्रेस का मानना है कि भारत के संविधान में दिया गया शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार हमारे लोकतंत्र के मुख्य स्तंभों में से एक है। हमने कुछ महीनों में पेपर लीक व शिक्षा व्यवस्था में गड़बड़ियों के खिलाफ छात्रों को पूरा समर्थन दिया है। हमारा मानना है कि शिक्षा व्यवस्था पर आरएसएस और भाजपा का कब्जा हो गया है। इसे छात्रों के शोषण और दमन का जरिया बना दिया गया है।

राहुल गांधी ने किरेन रिजिजू के....

उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, इस सरकार का मूल मंत्र ही असत्य और हिंसा है। पहले बच्चों पर लाठी चलाओ, फिर बोल दो कि कुछ हुआ ही नहीं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि पूरे सत्र में अमित शाह लापता रहे और विपक्ष से भागते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अब तक छात्रों से माफी नहीं मांगी है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा खतरा ऐसे लोग हैं, जिन्हें अपनी गलती दिखाई नहीं देती और गलती दिखने के बाद भी वे उसे स्वीकार नहीं करते।

एसआईटी जांच में चंपत राय....

जारी बताई जा रही है। इसलिए यूपी सरकार की एसआईटी की रिपोर्ट को चंपत राय और अनिल मिश्रा के खिलाफ सभी आरोपों पर अंतिम न्यायिक निष्कर्ष नहीं माना जा सकता। अब शासन और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के स्तर पर एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। वहीं दूसरी जांच के निष्कर्ष आने के बाद यह साफ होगा कि मामले में अन्य जिम्मेदार लोगों की भूमिका को लेकर क्या निष्कर्ष निकलता है। फिलहाल इतना जरूर है कि यूपी सरकार की एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा के नाम नहीं हैं, जबकि आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का मामला आगे बढ़ रहा है।

भाजपा संगठन में बड़ा फेरबदल....

नेता राम माधव और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी ने संगठन महामंत्री बीएल संतोष को उनके पद पर बरकरार रखा है। मीडिया की जिम्मेदारी अनिल बलूनी के पास ही रहेगी, जबकि सोशल मीडिया की कमान छत्तीसगढ़ के दीपक म्हास्के को सौंपी गई है। बीजेपी के इस संगठनात्मक फेरबदल में आगामी विधानसभा चुनावों पर पार्टी का खास फोकस साफ नजर आ रहा है। यूपी, पंजाब और गुजरात में अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी देकर बीजेपी ने चुनावी तैयारियों को और धार देने का संकेत दिया है।

'होर्मुज अब अमेरिका का नया....

वार्ताकार मोहम्मद बागेर गालिबाफ ने कहा कि जब तक वाशिंगटन जून में हुए अंतरिम शांति समझौते और सहमति पत्र के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं करता, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच जून महीने में हुआ यह अंतरिम समझौता बाद में टूट गया था, जिसके बाद यह तनातनी सीधे तौर पर समुद्री व्यापारिक गलियारे में तब्दील हो गई। इस सैन्य गतिरोध के बीच समुद्र में स्थिति और अधिक हिंसक हो गई है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस के अनुसार होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। इस हमले के कारण जहाज के इंजन रूम को भारी नुकसान पहुंचा और चालक दल का एक सदस्य हताहत हो गया। घटना के बाद शेष चालक दल के सदस्यों को ओमानी कोस्ट गार्ड की मदद से सुरक्षित निकाला गया। अमेरिका ने ईरान पर वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने और मार्ग शुल्क वसूलने का आरोप लगाते हुए नेविगेशन की स्वतंत्रता बहाल करने का दबाव तेज कर दिया है।

नीट प्रदर्शनों में पुलिसिया ज्यादती की होगी....

इंटरनेट पर उत्पीड़न और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को लगी चोटों जैसे सभी मुद्दों की समीक्षा की जाएगी। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जो भी दोषी होगा, उसके कृत्य को उचित नहीं ठहराया जा सकता और पूरे मामले को उसके तार्किक अंत तक पहुंचाया जाएगा। अदालत ने कहा कि इस उच्चाधिकार प्राप्त समिति को सभी आवश्यक प्रशासनिक व बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी ताकि कोई भी पीड़ित छात्र या नागरिक सीधे कमेटी के सामने अपनी बात रख सके। पीठ ने यह भी छूट दी है कि समिति को अपनी अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करने की जरूरत नहीं होगी, वह जरूरी मामलों में समय-समय पर अंतरिम रिपोर्ट भी अदालत को सौंप सकती है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सर्विलांस, फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक और अनुच्छेद 21 के तहत निजता के अधिकार जैसे संवैधानिक मुद्दों पर अदालत स्वयं विचार करती रहेगी।

JPSC मेधा घोटाला: मास्टरमाइंड...

रिमोट एक्सेस से रुपये देने वाले अभ्यर्थियों को सफल कराया जाता था। ओएमआर शीट में हेराफेरी कर रुपये देने वाले अभ्यर्थियों के अंक बढ़ाए जाते थे। इसका लाभ उठाकर उसने अपने अलावा अपने आधा दर्जन रिश्तेदारों की भी नौकरी लगवा दी थी। सीआईडी ने जांच के क्रम में ही वर्तमान में उसके दोनों रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया है। जेपीएससी, जेएसएससी की परीक्षाओं में धांधली के विरोध में 10 अगस्त को विधानसभा घेराव के दिन छात्रों के आंदोलन के दौरान एक पोस्टर ने भी अभय तिवारी के करतूत का राज खोला था। लहराए गए पोस्टर के केंद्र में अभय तिवारी था और उसके चारो तरफ उसके वे रिश्तेदार, उनके नाम व उनसे जुड़ी तस्वीरें थीं, जो सफल हुए थे। पोस्टर के अनुसार सभी रिश्तेदार वर्तमान में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ) के पद पर तैनात थे।

सीआईडी ने उन सभी रिश्तेदारों का सत्यापन शुरू कर दिया है। अभय तिवारी स्वयं गोड्डा के पोड़ेयाहाट में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पद चयनित हुआ था। उसकी गिरफ्तारी भी वहीं से हुई थी। पोस्टर के अनुसार अभय तिवारी के भाई अक्षय तिवारी, अभय के भाई की पत्नी सुषमा कुमारी, अभय तिवारी का साला (बीएसओ में चयनित), भाई (बीएसओ में चयनित), भाभी (बीएसओ में चयनित), साली (बीएसओ में चयनित), ममेरा भाई उपेंद्र मिश्रा (बीएसओ, रैंक-51), चाचा के साढ़ू का बेटा तेजनारायण पंडित (बीएसओ, रैंक 68), मौसा के भाई का बेटा बापी कुमार मिश्रा (बीएसओ, रैंक 124), साला का मौसेरा भाई विक्रम पांडेय (बीएसओ, रैंक 127), बहनोई का भतीजा सुमित कुमार तिवारी (बीएसओ, रैंक 143) सफल हुए थे। सीआईडी सभी सूचनाओं का सत्यापन कर रही है। गलत तरीके से सफल होने वालों की गिरफ्तारी होगी।

मैंने वही वंदे मातरम गाया जो गांधी-नेहरू....

उन्होंने कांग्रेस नेताओं से व्यक्तिगत तौर पर संपर्क कर एकजुट होकर चुनाव लड़ने की अपील की है। उन्होंने कथित दबाव के बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं के हौसले की तारीफ भी की। खरगे ने कहा, मैंने अपने सभी नेताओं को फोन किया और उनसे बात की। मैंने जोर देकर कहा कि हमें आने वाला चुनाव एकजुट होकर लड़ना चाहिए। उन्होंने मुझे भरोसा दिया कि वे इस बार साथ खड़े रहेंगे और जीतेंगे। इसके बाद मैंने समाज के अलग-अलग वर्गों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की, उनकी चिंताएं सुनीं और उनसे बातचीत की। मुझे खुशी है कि स्थानीय सरकार के डराने और दबाने की कोशिशों के बावजूद यहां कांग्रेस के नेता हिम्मत के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ये तरीके सफल नहीं होंगे। उन्होंने आगे कहा, लोकतंत्र में जब कोई सरकार सत्ता में आती है, तो उसे जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। जब दूसरी सरकार सत्ता में आती है, तो उसे भी नियमों के तहत काम करना चाहिए। हमारे लोग शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव जीतने के लिए जो जरूरी होगा, वह निश्चित रूप से करेंगे।

छत्तीसगढ़ में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी..

बिलासपुर पदस्थ किया गया है। दूसरी ओर विवेक आचार्य (2006 बैच) की प्रबंध संचालक, पर्यटन मंडल के पद पर सेवाएं तत्काल प्रभाव से उनके पैतृक विभाग वन विभाग को वापस कर दी गई हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल के बाद अब जिलों में नई प्रशासनिक टीम के साथ कामकाज की नई प्राथमिकताएं देखने को मिल सकती हैं। खासतौर पर कांकेर, मुंगेली, सक्ती, कबीरधाम, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में कलेक्टरों के बदलाव से जिला प्रशासन की कार्यशैली पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

एसआईआर: दिल्ली में कट....

मतदाता हैं और यहां सबसे अधिक 83.43 प्रतिशत (1,25,478) प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया गया है जबकि 24,920 प्रपत्रों को 'एकत्र नहीं किये गए' के तौर पर चिह्नित किया गया। प्रपत्रों के डिजिटलीकरण के मामले में प्रतिशत के हिसाब से शीर्ष पर रहने वाले अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में शकूरबस्ती (81.26 प्रतिशत), राजौरी गार्डन (79.14 प्रतिशत), मंगोलपुरी (78.76 प्रतिशत) और उत्तम नगर (77.76 प्रतिशत) शामिल हैं। गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण के मामले में सबसे फिसड्डी तुगलकाबाद (52.15 प्रतिशत) रहा। इसी निर्वाचन क्षेत्र में 'एकत्र न किए जा सकने वाले' प्रपत्रों की संख्या भी सबसे ज़्यादा (47.85 प्रतिशत) रही। सीईओ के आंकड़ों के अनुसार, जिन अल्पसंख्यक बहुल अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण का प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक रहा। इनमें मुस्तफ़ाबाद (71.91 प्रतिशत), मटिया महल (75.5 प्रतिशत), सीलमपुर (76.63 प्रतिशत), बाबरपुर (73 प्रतिशत) और बल्लीमारान (67.35 प्रतिशत) प्रमुख हैं।

क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन प्रांगण में मुख्य अभियंता एच.के. मेश्राम ने अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन प्रागंण एवं कैलाश नगर स्थित विद्युत कार्यालय परिसर में राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता एच.के. मेश्राम के मुख्य आतिथ्य में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण कर उनके सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस परिसर में उच्चाधिकारियों द्वारा छायादार व फलदार वृक्ष आंवला, इमली, जामुन, करंज, अमरूद, नीम सहित अन्य पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एच.के. मेश्राम ने कहा कि पेड़-पौधे जलवायु को सुरक्षित रखकर ग्लोबल वार्मिंग से बचाती है। पौधे लगाना ही हमारा दायित्व नहीं है, बल्कि इनकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए जाने चाहिए। इस दिशा में हम सबको ईमानदारी से प्रयास करने होंगे। जो पौधे इस

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने कनिष्ठ अभियंता सुश्री एकता साहू को किया सम्मानित

परिसर में रोपे गए हैं, उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में इस अवसर अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, के.सी. खोटे, कार्यपालन अभियंता, एम. के. साहू, एन.के. साहू, जी.एस. फ्लोरा, के.एल. उइके, शोबी शर्मा, श्रीमती सीमा ढ़ील, श्रीमती कांति नेताम, भावेश वाल्दे वरिष्ठ लेखाधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण शामिल हुए।

स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस प्रशिक्षण शाला मैदान में आयोजित गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र की कनिष्ठ अभियंता सुश्री एकता साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सुश्री एकता साहू द्वारा दो वितरण केंद्रों की जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उपभोक्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया गया। उनके प्रयासों से क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित हुई। साथ ही उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार किया और सैकड़ों हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित कराया। इस उपलब्धि के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सुश्री एकता साहू को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि-हमारे विद्युत विभाग के साथी आंधी, बारिश और त्योहारों में भी 'निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने' के लिए 24*7 कार्य करते हैं। 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' से अब हर घर की छत पर सोलर लगेगा और उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी।

रामाटोला कॉलेज में बीए में प्रवेश जारी, अंतिम तिथि 25 अगस्त

डोंगरगढ़ (दावा)। वीरांगना रानी अवन्तीबाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, रामाटोला में कला संकाय के अंतर्गत बी ए प्रथम सेमेस्टर में ओपन प्रवेश प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम. रंगारी ने बताया कि महाविद्यालय डोंगरगढ़ से मात्र 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक आधे घंटे में आवागमन हेतु बस की सुविधा उपलब्ध है।

महाविद्यालय में कला संकाय संचालित है, जिसके अंतर्गत अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, हिन्दी साहित्य, इतिहास, अंग्रेजी साहित्य सहित अन्य वैकल्पिक एवं अनिवार्य विषयों के चयन की सुविधा उपलब्ध है। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण इच्छुक छात्र-छात्राएं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की वेबसाइट के माध्यम से महाविद्यालय के नाम का चयन कर ऑनलाइन प्रवेश आवेदन कर सकते हैं तथा सीधे प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय में पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं और सीटें पूर्ण होने तक प्रवेश दिया जाएगा।

महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद अध्ययन में गैप वाले विद्यार्थियों तथा वाणिज्य एवं विज्ञान विषय में प्रथम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश दिया जाएगा। महाविद्यालय में ग्रंथालय, खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा वार्षिकोत्सव जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। प्रवेश शुल्क न्यूनतम 1200 रुपये निर्धारित है।

प्रवेश की अंतिम तिथि 25 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन करते समय विद्यार्थियों को 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र की मूल प्रति, पासपोर्ट साइज के दो फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, पंजीकृत बैंक पासबुक की छायाप्रति, बीपीएल राशन कार्ड की छायाप्रति तथा स्वयं का मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी प्रस्तुत करना अनिवार्य है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इच्छुक छात्र-छात्राओं से अंतिम तिथि से पूर्व आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश लेने की अपील की है।

आराधना सेवा मंच ने बोरी स्कूल के जरुरत मंद छात्रों को किया पाठ्य सामग्री वितरण

राजनांदगांव (दावा)। नगर की समाज सेवी महिलाओं की संस्था आराधना सेवा मंच द्वारा ग्राम बोरी के स्कूल में जाकर स्कूल के ज़रुरत मंद छात्रों में पाठ्य पुस्तक सामग्री का वितरण किया।

सेवा मंच की कोषाध्यक्ष श्रीमती अलका जानी ने बताया कि स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अनिता सहारे की उपस्थिति में सेवा मंच द्वारा स्कूल के कक्षा 11 वी और 12 के जरुरत मंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र- छात्राओं को विभिन्न विषयों से संबंधित पाठ्य सामग्री प्रदान की गई। इससे उनके चेहरों में खुशी की देखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की वंदना से हुई वहीं आगत अतिथियों का स्वागत व्याख्याता प्रभात सरिता लकड़ा व छात्र -छात्राओ द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति से किया गया।

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रौशन करने की प्रेरणा

छात्र-छात्राओं को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा

आराधना सेवा मंच की अध्यक्ष समाजसेवी प्रभा बरडिया ने पाठ्य पुस्तकों से लाभान्वित छात्र-छात्राओ को कहा कि वे सभी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रौशन करें। इस दौरान कक्षा 10 वी के छात्र दीप विजय गेंडरे को सत्र 2025- 26 के बोर्ड परीक्षा में 96 ,17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजनांदगांव जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आराधना महिला मंडल के सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर आराधना महिला मंडल की सचिव श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती अलका जानी, सरस्वती माहेश्वरी, आभा पोतदार ,किरण अग्रवाल,स्वर्ण लता बरडिया,ईला पटेल, रेखा लाल, माया गुप्ता,विजया सोनी, पुष्पा रमेश अग्रवाल,मोना लोहिया, चंद्रकला अग्रवाल एवं कुसुम राय सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत श्रीमती प्रभात सरिता लकड़ा एवं बोरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितो का आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती अनिता सहारे द्वारा किया गया। उक्ताशय की जानकारी श्रीमती अलका जानी द्वारा दी गई।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित थे पूर्व विधायक राम जी भारती विद्यालय के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल कोषाध्यक्ष नीलम चोपड़ा सह सचिव प्रकाश गिरधर पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन प्रभाकर राव गिरधर लक्ष्मी नारायण अग्रवाल केशव अग्रवाल प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद विद्यालय के अध्यक्ष महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया फिर राष्ट्रगान और राष्ट्र गीत गाया गया फिर पूजा अर्चना सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ।

होनहार विद्यार्थी बहन प्रतिभा वर्मा को विद्याभूषण सम्मान समारोह के अंतर्गत 5000 रु. का चेक प्रदान किया गया

विद्यालय के भैया बहनों द्वारा अंग्रेजी में और संस्कृत में भाषण , गीत, कविता, एकल अभिनय, योग, नृत्य,रिकॉर्डिंग डांस सामूहिक नृत्य एवं राज्य गीत भी प्रस्तुत किया गया विद्यालय के होनहार विद्यार्थी बहन प्रतिभा वर्मा को विद्याभूषण सम्मान समारोह के अंतर्गत ?5000 का चेक प्रदान किया गया जिन्होंने कक्षा दसवीं में 92.3 परसेंट प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों में प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ आचार्य थैलेश साहू बोधन भारद्वाज,लता सोनकर तथा कुछ विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से किया कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। इसी प्रकार 14 अगस्त को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में अखंड भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित थे बालमुकुंद तराने, हनि गुप्ता मुकुंद मोहन साहू, सुब्रतो राय विनोद ढकने प्राचार्य प्रकाश यादव वरिष्ठ आचार्य सुरेश दास वैष्णव थैलेश साहू बोधन भारद्वाज आदिउपस्थित थे वरिष्ठाचार्य सुरेश वैष्णव ने अखंड भारत को सविस्तार समझाया, हनी गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि अखंड भारत भारत को जोड़ता है प्रकाश यादव ने भारत को अखंड बनाने की संकल्प लेने की बात कही।

टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ का पुनर्गठन

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ टीचर्स ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ की महत्वपूर्ण बैठक 8 अगस्त शनिवार को आयोजित की गई। इस बैठक में सबसे पहले संघीय गतिविधियों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। तत्पश्चात, संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ब्लॉक संगठन के पुनर्गठन पर विचार-विमर्श हुआ। जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा ने पुरानी पेंशन के मुद्दे पर उपस्थित शिक्षको को विस्तार से बताई-जिस प्रकार हमारे पुराने साथियों ने प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हाईकोर्ट बिलासपुर में सिंगल व डबल बेंच में केश जीत गए है।

जिसे राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है-इस विषय से सभी साथियों को बारीकी से अवगत कराया गया। हमारा अगला मिशन सिर्फ और सिर्फ पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली कराना ही है। बैठक में उपस्थित डोंगरगढ़ ब्लॉक के शिक्षको में एक जोश और जुनून देखा गया, क्योकि बहुत दिनों बाद ब्लॉक संगठन खुले तौर पर सभी शिक्षको को ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचन के लिए आमंत्रित किया था, सभी ने मिलकर

संतोष कुमार धुर्वे बने नए ब्लॉक अध्यक्ष हमारा अगला मिशन सिर्फ और सिर्फ पुरानी पेंशन बहाली कराना ही है - संतोष कुमार

ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव को सम्पन्न कराने में अपना योगदान दिया और एक साथ शिक्षकों के हित मे हमेशा संगठन के साथ रहने का विश्वास दिलाया।

सीधे मुकाबले में 10 वोट से जीते संतोष धुर्वे

ब्लाक अध्यक्ष के लिए दो कैंडिडेट होने पर जिला पर्यवेक्षक गणों ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने वोटिंग सिस्टम से सबको पर्ची दे दिया, फिर शिक्षकों ने अपना अपना मत सम्बंधित अध्यक्ष के लिए गुप्त मतदान किया। मतदान पश्चात मतों की गिनती हुई जिसमें कुल मतदान 62 लोगो ने दिया जिसमें 36 वोट संतोष कुमार धुर्वे ने पाया, वही दूसरे प्रत्याशी राजू कौशिक 26 वोट पाये। इस तरह 36 वोट से आगे रहने वाले संतोष कुमार धुर्वे को नव निर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष घोषित किया गया, वही दूसरे नम्बर के प्रत्याशी को ब्लाक सचिव की महती जिम्मेदारी दी दी गई। जिलाध्यक्ष द्वारा दोनों नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव का हार माला गुलाल लगाकर स्वागत सत्कार किया वही उपस्थित सदस्यों ने भी अपने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बड़े हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। *जिला पर्यवेक्षक के रूप में जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव,जिला सचिव जीवन वर्मा,जिला कोषाध्यक्ष हंस कुमार मेश्राम, जिला महामंत्री राजेश कुमार साहू,जिला महासचिव रतिराम कन्नौजे रहे। जिला संघ के निर्देशानुसार, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा जल्द ही ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।आज उपस्थित शिक्षक साथियों में पूरण लाल साहू, हीरा राम लोधी, गोपाल राम सिन्हा, गुरुचरण नेताम, रतिराम कन्नौजे, सुरेंद्र वर्मा, पीताम्बर चंद्रवंशी, प्रकाश साहू, कृष्णा पटेल, सीताराम उइके, विष्णु वर्मा, दिलीप सिन्हा, कमलेश सिन्हा, चंद्रकुमार वर्मा, भोजराम धुर्वे, मदन मंडावी, प्रदीप जैन, युगल किशोर वर्मा, प्रह्लाद वर्मा, धनेश वर्मा, राजेश कुमार राजेकर, मनोज कुमार साहू , प्रमोद सिदार,पोखन दास साहू आदि बड़ी संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे।इस बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा और मनोज कुमार जिला प्रवक्ता उपस्थित रहें।

उदयपुर से निकली कांवड़ यात्रा में शामिल हुए विक्रांत सिंह

खैरागढ़ (दावा)। उदयपुर से शिवधाम शिव कोकड़ी तक विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ियों ने भाग लिया। बोल-बम और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मार्ग भक्तिमय नजर आया। इस धार्मिक यात्रा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह भी शामिल हुए और कांवड़ियों के साथ यात्रा में सहभागिता की। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भगवान शिव का जयघोष करते हुए शिवधाम शिव कोकड़ी की ओर रवाना हुए। जगह-जगह ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने कांवड़ियों का स्वागत किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कांवड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और धार्मिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति से निकाली जाने वाली यह यात्रा समाज में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देती है। सावन के पावन माह में भगवान शिव की आराधना करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को कांवड़ यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।।विक्रांत सिंह ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में समाज की सक्रिय भागीदारी हमारी परंपराओं को मजबूत करती है।।ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और सनातन परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कांवड़ियों से यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने तथा आपसी सहयोग के साथ यात्रा पूर्ण करने की अपील भी की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था देखने को मिली। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बोल-बम के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा, जैनेन्द्र जंघेल, देवकुमार सेन, अशोक पाल, कमलेश साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह रहा तथा कांवड़ यात्रा ने क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण निर्मित कर दिया।

नीरज विद्या मंदिर में शान से लहराया तिरंगा

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं शिक्षाविद इंजी.नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य जिवेश द्विवेदी एवं प्रशासक जीग्राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे।

संस्था के वरिष्ठ कार्यालय प्रमुख घनश्याम तिवारी के कर कमलों से ध्वजारोहण हुआ। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा बारी.बारी से स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अपने-अपने विचार रखे गये। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स नीरज बाजपेयी ने कहा कि पूर्ण स्वतंत्रता का अर्थ है अपने विचारोंए निर्णयों एवं कार्यो के प्रति हमारा अच्छी तरह से उत्तरदायी होना। उन्होंने आगे कहा कि हमें एकजुट होकर बुराइयों के विरूद्ध लड़ाई लडनी होगी। संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने अपने संक्षिप्त एवं सारगर्भित भाषण में कहा कि आज की पीढ़ी स्वतंत्रता के अर्थ को भली.भांति समझते हुए इसके साथ मिले दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। संस्था प्राचार्य श्री द्विवेदी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में देश के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें हर कीमत पर आजादी की रक्षा करनी होगी। उन्होनें जोर देकर कहा कि आज युवा पीढ़ी को मौजूदा समय की चुनौतियों का डट कर सामना करना होगा।

उन्होनें विद्यालय के सर्वागींण विकास को अपना प्रमुख उद्देश्य बताते हुए इस दिशा में पूरे विद्यालय परिवार से सहयोग की अपेक्षा की। संगीत शिक्षकद्वय श्री डोमेश्वर सिन्हा एवं शिव कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा सिलसिलेवार देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई और पूरे माहौल को देश भक्ति के रंग से रंग दिया। प्री.प्रायमरी से हर्षित देवांगन (केजी.2), भूव्यांश जगने (केजी.2) एवं सान्वी साहू (केजी.2) ने आकर्षक पहनावे के साथ काव्यपाठ एवं भाषण दिए।

स्वतंत्रता दिवस पर डॉ. राजेश्री शैलेंद्र त्रिपाठी ने किया ध्वजारोहण

खैरागढ़ (दावा)। जनपद पंचायत खैरागढ़ में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर डॉ. राजेश्री त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों को नमन किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष लखन साहू, डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी चंदू वर्मा, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, लक्ष्मी वर्मा, सरस्वती यदु, दीक्षा गुप्ता, निर्मला वर्मा, दिलेश्वरी साहू, पिला बाई वर्मा, महेश्वरी वर्मा, पुरुषोत्तम साहू सहित जनपद पंचायत के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।। कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम का उत्साह देखने को मिला।

सभी ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

शिक्षिका मरियम लालानी ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय विद्यालय टेढ़ेसरा में आयोजित समारोह में हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षिका श्रीमती मरियम लालानी ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शाला विकास समिति हायर सेकेंडरी स्कूल टेढ़ेसरा के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने ध्वजारोहण किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता खिलेश्वर साहू एवं अजय साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आर.पी. द्विवेदी, उत्तम साहू, गंगाधर साहू, बलदेव साहू, श्री मानिकपुरी, तारामती कंवर एवं वेदना देशमुख (जनपद सदस्य) सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्राचार्य हरनाम सिंह यादव, एच.एम. श्रीमती सुनीता राव केशलवार एवं एच.एम. श्रीमती मंगलबत्ती साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मंच संचालन शिक्षिका श्रीमती तृप्ति चंद्राकर द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

एमएमसी सीमावर्ती क्षेत्र में बाघ का आतंक : हमले में ग्रामीण की मौत, सीमा से लगे गांवों में फैली दहशत

औंधी व महाराष्ट्र बॉर्डर पर लगातार विचरण कर रहा बाघ, ग्रामीणों ने की कैमरा ट्रैप लगाने व रेस्क्यू की मांग

फाईल फोटो

राजनांदगांव (दावा)। जिले के अंतिम छोर छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र सीमा पर इन दिनों एक बाघ का आतंक छाया हुआ है। बताया जाता है कि उक्त खूंखार बाघ के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई। इससे आसपास के लोग दहशत से भरे हुए हैं। घटना महाराष्ट्र के जारवंडी क्षेत्र के दोलेंदा गांव की बताई जा रही है। यह इलाका एमएमसी जिले के औंधी और पखांजूर के नजदीक होने के कारण उक्त घटना के बाद समीपवर्ती गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार दोलेंदा निवासी ग्रामीण सोमवार को शौच के लिए जंगल की ओर गया हुआ था। घात लगाए बाघ ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।

औंधी क्षेत्र में लगातार विचरण कर रहा है बाघ

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले औंधी क्षेत्र के कोहकाटोला में करीब तीन वर्षीय बाघ की मौजूदगी दर्ज की गई थी। इसके बाद मोहला मानपुर क्षेत्र के साथ पखांजूर व महाराष्ट्र सीमा से लगे जंगलों में बाघ के लगातार विचरण की बात सामने आ रही है।

बता दें कि जंगल क्षेत्र में बाघ की गतिविधियों बढ़ने से लोग जंगल जाने से डर रहे हैं। इससे दहशत में आए ग्रामीणों द्वारा वन विभाग की निगरानी क्षेत्र में बढ़ाने की जरूरत बताई है और मांग की गई है और बाघ की गतिविधियों का पता लगाने के लिए कैमरा ट्रैप सहित अन्य उपाय किए जाएं। वहीं आसपास के ग्रामीणो को अकेले जंगल नहीं जाने और विशेषकर सुबह शाम सतर्क रहने के लिए जागरूक किये जाने की मांग की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा डोंगरगांव में सत्याग्रह का आयोजन, नदारत रहे क्षेत्रीय विधायक

- बरसते पानी में धरने पर बैठे कांग्रेसी
- हल्द्वानी में सभा स्थल को गंगाजल से धोने के कृत्य को बताया सामाजिक न्याय व समानता के मूल्यों पर कुठाराघात

डोंगरगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के तत्वावधान में डोंगरगांव शहर के पुराने बस स्टैण्ड परिसर में सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंदू राइट विंग संगठन द्वारा कांग्रेस पार्टी की रैली के स्थल को गंगाजल से शुद्ध किया गया है। क्योंकि उस स्थल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कार्यक्रम में उपस्थित थे। हिंदू राइट विंग का यह तर्क है कि मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति के कारण स्थल अपवित्र हो गया है, इसलिए उन्होंने गंगाजल से पवित्र किया है। हिंदू राइट विंग के संगठन का यह कृत्य भेदभाव पूर्ण मानसिकता का परिचायक तथा सामाजिक न्याय एवं समानता के हमारे संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है। तेज बारिश के बावजूद कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता डटे रहे और अपना विरोध दर्ज कराया।

गांधी-अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भजन गायन

सत्याग्रह कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने पुष्प अर्पित करते हुए माला पहनाकर सत्याग्रह प्रारंभ किया। कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन भी किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री राहुल तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष टिकेश साहू ने किया। आयोजन में जिला महामंत्री चुम्मनदास साहू, उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया, कुतुबुद्दीन सोलंकी, कुमरदा ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप धावड़े, महेंद्र यादव, जितेंद्र भाटिया, रितेश जैन, चुम्मन साहू, राजकुमार सिन्हा, विष्णु लोधी, अमीन ऊके, मतीन खान, अमित अग्रवाल, संध्या साहू, लालचंद साहू, संजय मुटकुरे, संजय साहू, जगदीश बघेल, राकेश बारले, मोतीलाल साहू, राजकुमार बोरकर, अरुणा देवांगन, आरती कोरे, वैशाली बोरकर, लक्ष्मी क्षत्रिय, लक्ष्मीनारायण साहू, प्रकाश शर्मा, रोशन यदु सहित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं आमजन सम्मिलित हुए।

नदारत रहे क्षेत्रीय विधायक

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुपस्थित दिखे। जबकि समीपस्थ विधानसभा क्षेत्र के खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने जिले के पदाधिकारियों के साथ अपनी सक्रियता दिखायी। इस आयोजन को लेकर भी चर्चा का बाजार गर्म रहा। जिसमें पार्टी के इस आयोजन को बगैर पंडाल व बगैर माईक के ही निपटा दिया गया। जिससे कार्यक्रम स्थल के समीपस्थ दुकानदारों तक को यह आयोजन औचित्यहीन लगा और आयोजन का प्रयोजन किसी को भी समझ नहीं आया।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या लायंस क्लब ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

जयस्तंभ चौक में 'नमन भारत' कार्यक्रम की रही धूम

राजनांदगांव (दावा)। लायन्स क्लब आफ सिटी द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या जयस्तंभ चौक में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नमन भारत शीर्षक से आयोजित उक्त शहीदों की श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। लायन्स क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव जी थे वहीं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की गरिमामय उपस्थिति में वीर शहीदों के तैल चित्र पर पुष्पार्पण एवं पुष्प चक्र चढ़ाकर उन्हें नमन किया गया और उनकी अमर गाथाओं को कृतज्ञता पूर्वक याद करते हुए दोनों महानुभावों ने देश को मिली आजादी के मायनों पर प्रकाश डाला।

वीर शहीदों के अमर गीतों से सजा कार्यक्रम

बता दें कि लायन्स क्लब आफ राजनादगांव सिटी द्वारा विगत 12 वर्षों से नमन भारत का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश भक्ति से ओत-प्रोत गीत गाकर एवं आजादी की खुशी में गुब्बारा उड़ाकर देश के वीर शहीदों को नमन किया जाता है। इस बार भी शहर के लोकप्रिय गायक मनोज गुप्ता, राजकुमार शर्मा,व सुप्रसिद्ध एंकर व सुरमयी गायिका निकहत परवीन ने देश भक्ति पूर्ण गीत सुना कर लोगों का दिल जीता। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन राजेश जैन ने किया। लायन्स क्लब के अध्यक्ष ला. दीपक नवलखा ने बताया कि कार्यक्रम के शुरुआत में अतिथि द्वयो द्वारा वीर शहीदों के तैल चित्र पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश की आजादी की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर राजगामी संपदा की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, समाजसेवी सबीहा गाजी नियामत हुड्डा, आयकर अधिवक्ता कमल किशोर साहू, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जागरुक जन उपस्थित थे।

जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 23 को

राजनांदगांव सहित आसपास के जिलों के खिलाड़ी ले सकेंगे हिस्सा

राजनांदगांव (दावा)। जिला टेबल टेनिस संघ, राजनांदगांव द्वारा टेबल टेनिस खिलाड़ियों को बेहतर मंच एवं प्रतियोगिता का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 23 अगस्त को दिग्विजय स्टेडियम, राजनांदगांव में किया जा रहा है। यह एक दिवसीय प्रतियोगिता होगी, जिसका शुभारंभ सुबह 8 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के टेबल टेनिस खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए प्रवेश शुल्क रु. 200 प्रति खिलाड़ी निर्धारित किया गया है। सभी खिलाड़ी अपना पंजीयन एवं एंट्री शनिवार तक जमा कर सकते हैं, ताकि प्रतियोगिता की ड्रॉ एवं अन्य व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जा सकें। पंजीयन एवं एंट्री हेतु सुरेंद्र सिंह बग्गा 9425559359, अरुण चौधरी-9826141288, लोकेन्द्र साहू 9329080725, अरुण दुलानी- +91 70001 71525, श्रीमती ममता मिश्रा 9827261850 में संपर्क कर सकते है। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का बेहतर अवसर प्रदान करना, नई प्रतिभाओं को सामने लाना तथा बच्चों एवं युवाओं में टेबल टेनिस के प्रति रुचि बढ़ाना है। जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लें और इस आयोजन को सफल बनाएं।

जो समाज प्रतिभाओं का सम्मान करता है, वही उन्नति करता है : महापौर मधुसूदन यादव

नागबेल बरई तंबोली समाज ने मनाया नागपंचमी महोत्सव : प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। नागबेल बरई तंबोली समाज द्वारा स्थानीय सदर बाजार स्थित लक्ष्मी मंदिर भवन में नागपंचमी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सामाजिक परंपराओं के अनुसार नागदेवता का सजोड़े अभिषेक व विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने पुष्पमाला पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, प्रसादी वितरण एवं सामाजिक भोज के साथ-साथ देशभक्ति थीम पर बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सामाजिक प्रतिभा सम्मान एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महापौर ने अपने करकमलों से मेधावी बच्चों और समाज के बुजुर्गों को सम्मानित किया।

सामाजिक भवन के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा

कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने महापौर को सामाजिक भवन की आवश्यकता से अवगत कराया। इस पर महापौर मधुसूदन यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह के माध्यम से शीघ्र सामाजिक भवन उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। अपने उद्बोधन में महापौर ने कहा कि जो समाज अपनी प्रतिभाओं का सम्मान करता है, वह निरंतर प्रगति करता है। ऐसे आयोजनों से बच्चे सामाजिक शिष्टाचार सीखते हैं और समाज के गौरव व परंपराओं को जीवंत रखते हैं। आयोजन में समाज के अध्यक्ष योगेश महोबिया, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू महोबिया, गंगा प्रसाद महोबिया, सचिन महोबिया, रानी महोबिया, यश महोबिया, राकेश पंसारी, रमेश महोबिया सहित शहर एवं अन्य जिलों से पहुंचे बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

आज विद्युत उपभोक्ता अधिकारों और शिकायत निवारण पर राजनांदगांव में विशेष कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, दायित्वों एवं शिकायत निवारण प्रणाली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 19 अगस्त को राजनांदगांव में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम राजनांदगांव के संयोजन एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के सौजन्य से यह कार्यक्रम जी.ई. रोड स्थित होटल एबिस ग्रीन (रिलायंस पेट्रोल पंप के पास) में दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित होगा। कार्यशाला में उपभोक्ताओं को विद्युत बिलिंग, आपूर्ति में व्यवधान, सौर ऊर्जा से जुड़ी समस्याओं और तय समय-सीमा में समाधान न होने पर क्षतिपूर्ति के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी।

विशेषज्ञ सत्र एवं प्रमुख वक्ता

अध्यक्षीय उद्बोधन में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) के सदस्य (विधि) विवेक गनोदवाले, विवाद समाधान व सीएसईआरसी की भूमिका में सीएसईआरसी सदस्य (तकनीकी) अजय कुमार सिंह, सौर ऊर्जा मार्गदर्शन में सीएसईआरसी निदेशक (इंजीनियरिंग) कमलेश कुमार दिल्लीवार, टायर-1 शिकायत निवारण प्रणाली में मुख्य अभियंता (राजनांदगांव क्षेत्र) हर्ष मेश्राम, क्षतिपूर्ति व सीजीआरपी प्रक्रिया में सीजीआरपी राजनांदगांव के अध्यक्ष अश्वनी कुमार गौराहा विद्युत बिल की समझ, में सीजीआरपी दुर्ग के अध्यक्ष पी.वी. सजीव, उपभोक्ता अधिकार व अपील मंच में विद्युत लोकपाल एस.के. सोनी आदि होंगे। कार्यक्रम के अंत में एक विशेष प्रश्नोत्तर सत्र होगा। जहां उपभोक्ता सीधे नियामक अधिकारियों और विशेषज्ञों के समक्ष अपनी समस्याएं रखकर समाधान प्राप्त कर सकेंगे। आयोजकों ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से कार्यशाला में उपस्थित होने की अपील की है।

संरक्षक मंडल के अनुमोदन पश्चात प्रेस क्लब की कार्यकारिणी घोषित

वरिष्ठों के साथ युवाओं को भी मिला प्रतिनिधित्व

राजनांदगांव (दावा)।बहु प्रतिक्षित प्रेस क्लब राजनंदगांव की आज नई कार्यकारिणी का गठन संरक्षक मंडल के अनुमोदन के पश्चात कर दिया गया है। प्रेस क्लब भवन में आयोजित किए गए संरक्षक मंडल की बैठक में कार्यकारिणी को अंतिम रूप दिया गया। इस कार्यकारिणी में वरिष्ठजनों के साथ-साथ युवाओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। बैठक में संरक्षक मंडल के प्रमुख रूप से सुशील कोठारी, दीपक बुद्धदेव, श्याम खंडेलवाल, अशोक पांडे, सीएल. जैन सोना, पुरुषोत्तम तिवारी एवं जितेंद्र मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि एवं प्रेस क्लब हाउसिंग बोर्ड समिति के अध्यक्ष मिथिलेश देवांगन के साथ-साथ प्रेस क्लब के सचिव अनिल त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा भी मौजूद रहे। संरक्षक मंडल से विचार विमर्श और उनकी सहमति के बाद कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप मेश्राम को बनाया गया है। उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी अनुपम ठाकुर और विक्रम वाजपेई को दी गई है। सह सचिव अजय सोनी, प्रमोद सेड़े और रूपेश गुप्ता होंगे। संगठन सचिव में दीपांकर खोबरागड़े, और ऋषि सिंहा, तथा साहित्य प्रभारी डॉ. सूर्यकांत मिश्रा और आत्माराम कोशा, होंगे। प्रचार प्रसार प्रभारी दीपक साहू तथा लोकेश शर्मा, खेल प्रभारी सूरज यदू, योगेश शर्मा, होंगे। सांस्कृतिक प्रभारी गोविंद साहू तथा शुभम उपाध्याय, विधि सलाहकार विमल हाजरा और मनीष तिवारी होंगे। कार्यकारिणी में अशोक श्रीवास्तव, उमाशंकर शर्मा, महेंद्र सोनी, प्रशांत ईमलकर,रवि ठाकुर,अखिलेश खोबरागड़े, लता घोषाल ,संतोष दुबे, ललित ठाकुर और अमित चटर्जी को शामिल किया गया है। नई कार्यकारिणी अब प्रेस क्लब की गतिविधियों एवं पत्रकार हितों के लिए कार्य करेगी। बैठक में कार्यकारिणी गठन के साथ-साथ नए सदस्यों को भी प्रेस क्लब में शामिल करने का अनुमोदन कर लिया गया है। इस बैठक में प्रेस क्लब से मिलिए कार्यक्रम के साथ-साथ संगोष्ठी का आयोजन कराने और अन्य गतिविधियों के संबंध में भी विस्तार से विचार विमर्श किया गया है।

डोंगरगांव क्षेत्र में शराब कोचियां सक्रिय, पुलिस ने पकड़ा 155 पौव्वा शराब

आबकारी विभाग की भूमिका पर संदेह

डोंगरगांव (दावा)। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शराब कोचियों को आखिर इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां से और कैसे मिल रहा है? इसकी रोकथाम के लिए बनाए गए आबकारी विभाग और उनके अधिकारियों को कार्यवाही के लिए फुरसत नहीं है या जानबूझकर कार्यवाही करना नहीं चाह रहे हैं। यह बात इसलिए भी आ रहा है, क्योंकि डोंगरगांव पुलिस के द्वारा शराब के अवैध कारोबार से जुड़े छोटे-बड़े आरोपियों को पकड़कर लगातार कार्यवाही कर रही है, लेकिन आबकारी विभाग के द्वारा शराब के अवैध परिवहन और बिक्री को लेकर अभी तक कोई कार्यवाही सामने नहीं आ पायी है। ज्ञात हो कि अब स्वयं प्रधानमंत्री मंत्री ने नशे की विरुद्ध अभियान का आगाज कर दिया है। बावजूद इसके आबकारी विभाग के अधिकारियों की सक्रियता नजर नहीं आ रही है।

बहरहाल डोंगरगांव पुलिस के द्वारा ग्राम उमरवाही से एक युवक को अवैध शराब के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से करीब 3 पेटी अवैध देसी शराब बरामद किया गया है। डोंगरगांव थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर से मिली जानकारी के अनुसार 18 अगस्त को थाना डोंगरगांव पुलिस टीम को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम उमरवाही निवासी नोकलाल जांगड़े के घर की बाड़ी में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु भारी मात्रा में देशी शराब छिपाकर रखा था। जिसे पुलिस टीम ने विविवत कार्यवाही करते हुए आरोपी नोकलाल जांगड़े पिता रामदास जांगड़े उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम उमरवाही थाना डोंगरगांव के घर एवं बाड़ी के पैरावट के अंदर प्लास्टिक बोरी में 155 पौवा देशी प्लेन शराब, सवा सेरा ब्राण्ड, प्रत्येक 180 एमएल, कुल मात्रा 27.900 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 12,400 रूपये बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। आरोपी द्वारा शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज अथवा अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया।

नागपंचमी पर जय भवानी व्यायामशाला में भव्य आयोजन

- बॉडी बिल्डिंग व वेटलिफ्टिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दम
- कैंसर को मात देकर 52 वर्षीय नीरज शुक्ला ने पेश की मिसाल, नन्हें भारोत्तोलकों ने भी मोहा मन

राजनांदगांव (दावा)। नाग पंचमी के पावन पर्व पर शहर की ऐतिहासिक जय भवानी व्यायामशाला में पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ भव्य बॉडीबिल्डिंग एवं वेटलिफ्टिंग प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्यायामशाला के संस्थापक स्व. पुरुषोत्तम अजमानी की स्मृति को समर्पित रहा। समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन मंत्री नीलू शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण 52 वर्षीय बॉडीबिल्डर नीरज शुक्ला रहे, जिन्होंने कैंसर जैसी घातक बीमारी को हराकर मंच पर शानदार पोजिंग दी। उपचार के दौरान 30 किलो वजन घटने और चिकित्सकों के मना करने के बावजूद उनका फिटनेस के प्रति जुनून कम नहीं हुआ। कीमोथेरेपी के दौरान भी अस्पताल में डंबल से हल्का व्यायाम करने वाले नीरज शुक्ला ने पुनः अपनी मांसपेशियों और ताकत को मजबूत कर यह साबित किया कि दृढ़ संकल्प से हर बाधा को पार किया जा सकता है।

समारोह में नन्हे बालक-बालिकाओं ने भी वेटलिफ्टिंग में बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक विजेता अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव एवं दीपक यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनकी मौजूदगी ने युवा खिलाड़ियों में नया उत्साह भरा। कार्यक्रम में जय भवानी व्यायामशाला के उपाध्यक्ष शशांक तिवारी, छत्तीसगढ़ वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, राजनांदगांव वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन अध्यक्ष अमित अजमानी, बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन सचिव शेख वसीम, कोच अशोक श्रीवास, बजरंग दल अध्यक्ष अरुण गुप्ता, दीपक ठाकुर, कुलदीप, राम अवतार, विवेक, रंजन सोनी, बसंत, गोलू ठाकुर, दीपक सोनी, नितिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com